जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 15 ❖ अंक 8 ❖ जनवरी 2025 ❖ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति

## समाज स्थापना के 100 वर्ष



श्री गणेशनारायण सोमानी



रायबहादुर मुंशी श्री नानगराम झांवर



डॉ. ज्वालाप्रसाद कचौलिया



श्री हरिनारायण तोषनीवाल



श्री श्यामलाल काबरा



श्री सीताराम पटवारी



श्री भौंरीलाल मणिहार



श्री हरिनारायण तामड़ी

**सन् 1925 में श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की स्थापना एवं समाज में शिक्षा से जागृति लाने वाले पुरोधा**



63 वर्षो से आपके विश्वास पर खरी...
माहेश्वरी चाय
माहेश्वरी
चाय
स्थापित-1961
माहेश्वरी चाय
आपके कप की चाय
गणतंत्र का उत्सव और उमंग
माहेश्वरी चाय के संग
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
CTC DUST
दानेदार चाय
आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय
माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि., जयपुर (राज.) फोन : 0141 - 2740919, 2312723
contact@maheshwaritea.com www.maheshwaritea.com
www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea
SIDDHI

वर्ष 15 | अंक 08 | जनवरी, 2025
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

## संपादकीय

**परामर्श मंडल**
बृजमोहन बाहेती
विमलकिशोर सारड़ा
अखिल माहेश्वरी (शकुन ग्रुप)
सत्यनारायण सारड़ा
प्रभा सिंघी
सूर्यप्रकाश लाहोटी
श्यामसुन्दर झंवर (लालगढ़)
राजेन्द्र गट्टाणी
सुरेन्द्र बजाज

**मीडिया संयोजक**
किशन राठी

**सह-संपादक**
संदीप कचोलिया
जयन्त बाहेती
महेश मालपानी
पंकज चिंतलांग्या (बीलवा)
श्रीलाल राठी
विष्णु बियानी
कमल पेड़ीवाल
पवन फलोड़
विमल लढ्ढा

**संपादकीय टीम**
कमल किशोर मूंदड़ा
रोहित केला
सुभाष तोतला
संजय भूतड़ा
विनय तोतला
लीलाधर बजाज
गगन साबू
सुनीता जैथलिया
सीमा झंवर
सुनीता पेड़ीवाल
सरिता मोहता
सुमन सामरिया
मेघा बियानी

**विज्ञापन सहसंयोजक**
पंकज कालानी

**विज्ञापन संकलन टीम**
श्यामसुन्दर मूंदड़ा
सुमित काबरा (काबरा ऑप्टिकल)
नवनीत आगीवाल
शिव मूंदड़ा
संदीप सारड़ा
बृजकिशोर सामरिया
महावीर बियानी

मनोज मूंदड़ा - महामंत्री द्वारा
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक व मुद्रक



**अरूण बाहेती**
प्रचार मंत्री
93141-38851



**आशीष सोमानी**
प्रधान संपादक
99502-17000



**संजय बियाणी** (नावां)
संपादक
98290-68590

# नए वर्ष में नई आशाएँ

## सौंवें स्थापना दिवस को जोर-शोर से मनाने की तैयारियाँ

नए साल का पहला महीना यानी जनवरी बड़ा ही उमंगपूर्ण होता है। नई चीज के प्रति मोह होना स्वाभाविक है, इसलिए जनवरी भी हमें बेहद प्यारी लगती है। हर व्यक्ति आशा करता है कि नया साल उसके लिए और अच्छा साबित हो। बीते वर्ष में उससे जो गलतियाँ हुई हैं, इस नए वर्ष में नहीं हों। इस वर्ष यानी 2025 का समाजबंधुओं के लिए विशेष महत्व है, क्योंकि आज से सौ वर्ष पूर्व 1925 में तीन-चार लोगों ने मिलकर जयपुर माहेश्वरी समाज की स्थापना की थी। यह उन साधनहीन लोगों का ही साहस था कि उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और दूरदृष्टि के बल पर संस्था के लिए दिन-रात मेहनत कर उसे सफलता के मुकाम तक पहुँचाया। विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में तो समाज ने क्रांति ही कर दी।

जयपुर माहेश्वरी समाज की सौंवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विद्याधर नगर स्थित समाज जनोपयोगी भवन 'उत्सव' में 4 फरवरी को सूर्य सप्तमी के अवसर पर स्थापना दिवस और प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। इसमें समाज में योगदान देने वाले लोगों व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

पतंगों और दान-पुण्य के पर्व मकर संक्रांति को हम धूमधाम से मना चुके हैं।

जयपुर माहेश्वरी समाज को भव्यतम तरीके से मनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, क्योंकि यह एक विशेष अवसर है, समाजबंधु इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। इससे दो दिन पूर्व 2 फरवरी को बसंत पंचमी है। इस दिन ज्ञान व शिक्षा की देवी सरस्वती जी पूजा अर्चना की जाती है।

सभी समाज बंधुओं और पाठकों, विज्ञापनदाताओं को माहेश्वरी समाज के सौंवें स्थापना दिवस, राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएँ।

**सादर जय महेश।**

**संपादक**


Shubhāshish
Prakash
Where success lives
7413 99 22 99
www.shubhashishhome.com
3 & 4 Bed Residences
7 Tier Security*
129 Exclusive Units
Medical Hub, Mansarovar Extension
SHUBHASHISH PRAKASH Phase-I.RERA Reg.No.RAJ/P/2023/2544 |
SHUBHASHISH PRAKASH Phase-II.RERA Reg.No.RAJ/P/2024/3218 |
www.rera.rajasthan.gov.in |*T&C apply
A Part of
JK JAJOO VENTURES
We value relationships, forever
EST. 1983
SHAKUN



**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

# जयपुर माहेश्वरी समाज की स्थापना का सौंवां वर्ष

## दूरदर्शी विचारों, साहस और निष्ठा के बल पर हुई समाज की प्रगति

“श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर ने अपनी यात्रा की एक सदी पूरी कर ली है। इस यात्रा में कई व्यवधान आए, झंझावतों से भी सामना हुआ, लेकिन समाज ने हिम्मत नहीं हारी। सारी बाधाओं को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा।”

**सादर जय महेश**

सौ वर्ष का समय कम नहीं होता, इसमें कई पीढ़ियां बदल जाती हैं। उनकी विचारधाराओं में परिवर्तन हो जाता है। पहले की पीढ़ियों ने जो कार्य, परंपराएँ शुरू की हुई होती हैं, उनमें से कई उन्नति कर जाती हैं, कई बंद हो जाती हैं, उनका अस्तित्व मिट जाता है। इस सम्बन्ध में माहेश्वरी समाज भाग्यशाली है कि उसने सौ वर्ष पूर्व जिस संस्था की नींव डाली, वह उत्तरोत्तर प्रगति करती गई। जयपुर माहेश्वरी समाज रूपी वह छोटा सा पौधा आज एक वटवृक्ष बन चुका है, जिसकी छांव तले आज तमाम संस्थाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण जैसे कार्यों से जुड़कर जनहित के कार्य कर रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में समाज ने जो कार्य किए, उससे देशभर में समाज ने अपनी ख्याति बनाई है।

जयपुर माहेश्वरी समाज की स्थापना 1925 में सूर्य सप्तमी के दिन हुई थी। इस बार सूर्य सप्तमी 4 फरवरी को पड़ रही है। जयपुर माहेश्वरी समाज की सौवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समाज की ओर से एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। सभी समाज बंधुओं को इसमें भागीदारी कर इस गौरवशाली पल का गवाह बनना चाहिए।

यहाँ मैं यह कहना चाहूंगा कि माहेश्वरी समाज की उन्नति इसलिए संभव हो सकी, क्योंकि इसके संस्थापक दूरदर्शी थे। साथ ही वह स्वप्नदृष्टा भी थे, उन्होंने जो सपने देखे, उन्हें पूर्ण किया। आज उनके जैसे साहस, जुझारूपन और निष्ठा की जरूरत है, ताकि हमारी प्रगति धीमी न पड़े।

वर्ष के पहले माह जनवरी में अनेक पर्व-त्यौहार आते हैं। अभी हाल ही हमने मकर संक्रांति और लोहिड़ी मनाई है। 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस भी धूमधाम से मनाया जाएगा। फरवरी की शुरूआत में 2 फरवरी को बसन्त पंचमी और 4 फरवरी को सूर्य सप्तमी पड़ रही है।

सभी समाज बंधुओं को बसंत पंचमी और माहेश्वरी समाज जयपुर के स्थापना दिवस सूर्य सप्तमी की शुभकामनाएँ।

**जय श्री कृष्णा।**



Happy REPUBLIC DAY Special
OrthoSquare
Root Canal
₹ 3,000*
Aligners
₹ 25,000*
Dental Implant
₹ 12,000*
Braces
₹ 20,000*
Crowns
₹ 2,000*
Dr. Riddhi Rathi
Founder of Orthosquare Multispeciality Dental Clinic
Don't miss this limited time offer to rejuvenate your smile with top-quality dental services
125+ Pan India Clinics
5Lakh+ Happy Patients
2Lakh+ Implants Placed
Book Your Appointment Now!
ORTHOSQUARE MULTISPECIALITY DENTAL CLINIC
125+ Pan India Clinics
25,000+ Google Reviews
5Lakh+ Happy Patients
2Lakh+ Implants Placed
Scan QR Code to Book Your First
FREE Consultation with Implantologist
+91 70420 05277 | +91 86557 01307
www.orthosquare.com
AFFORDABLE
NO COST EMI
BAJAJ FINSERV
Visit your nearest clinic in
JAIPUR
14/122, Shipra Path, Mansarovar Sector 1, Mansarovar, Jaipur, Rajasthan
No 113,114,115 A, Fist floor, Manglam Apex Tower, Tonk Rd, Lalkothi, Jaipur, Rajasthan
Clinics in Pan India
Delhi-NCR | Haryana | Rajasthan - Jaipur | Madhya Pradesh - Bhopal, Indore | Gujarat - Ahemedabad, Surat, Vapi, Valsad, Vadodara | Maharashtra - Mumbai, Thane, Navi Mumbai, Pune, Aurangabad, Nagpur, Nashik | Karnataka - Bengaluru, Hubballi, Mysore, Mangalore | Hyderabad | Tamil Nadu - Chennai, Trichy | Kerala - Kochi | Goa

## समाज के स्वर्ण जयन्ती वर्ष में

# समाज की नव उपलब्धियों पर एक नजर

भगवान महेश की असीम अनुकम्पा एवं आप सभी समाज बंधुओं के अथक प्रयासों व स्नेह के फलस्वरूप ही श्री माहेश्वरी समाज जयपुर विशाल जनसमुदाय की सेवा करता हुआ 101 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है एवं नित नये कीर्तिमान स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है।

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर अपनी स्थापना के पर्व को सूर्य सप्तमी के अवसर पर 04 फरवरी 2025 को 'उत्सव' समाज जनोपयोगी भवन, विद्याधर नगर में मनाने जा रहा है। इस अवसर पर वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

वर्तमान सत्र 2022-25 में अब तक किये गये विकास कार्यों में आरोग्यम्, बनीपार्क की सेवाओं का विस्तार किया गया। समाज द्वारा संचालित कृष्णधाम वृद्धाश्रम में वर्तमान में 40 वृद्धजन निवासरत हैं।

आपको यह बताते हुए अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है कि श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा नगर निगम जयपुर से प्रदत्त बी-2 बायपास, टोंक रोड़ पर स्थित मोक्षधाम का जीर्णोद्धार अतिशीघ्र प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। सर्व समाज की सेवा के लिए इस मोक्षधाम को को भव्य स्वरूप देने के लिए माहेश्वरी समाज ने वित्तीय सहायता और कार्यान्वयन की जिम्मेदारी ली है। चांदपोल मोक्षधाम की तर्ज पर यह मोक्षधाम एक अनुपम पहल है, जिससे जयपुर की काफी बड़ी आबादी को उच्च स्तरीय सुविधायुक्त मोक्षधाम से लाभ प्राप्त होगा।



**मनोज मूंदड़ा**

**आप सभी को गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी व सूर्य सप्तमी की हार्दिक शुभकामनाएँ**

> "समाज में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका एक महत्वपूर्ण कड़ी की तरह है। जब प्रत्येक व्यक्ति अपनी भूमिका समझता है और सही दिशा में काम करता है तो सम्पूर्ण समाज सामूहिक रूप से बेहतर और प्रगतिशील बन जाता है। यह सामूहिक प्रयास ही समाज को मजबूती और नई दिशा प्रदान करता है।

## महत्वपूर्ण उपलब्धियों भरा रहा इस सत्र का सफर



### 'आनन्दम्' जनोपयोगी भवन

श्री माहेश्वरी जनोपयोगी भवन 'आनन्दम्' हेतु जगदम्बा नगर, वैशाली नगर में भू-खण्ड क्रय कर भवन का निर्माण अंतिम चरण में एवं लोकार्पण अतिशीघ्र प्रस्तावित।



### महेश अन्न सेवा

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा वर्षपर्यन्त निःशुल्क महेश अन्न सेवा (साप्ताहिक) आरम्भ की गई।



### महेश बैकुंठ रथ

मानव कल्याणार्थ सर्व समाज हेतु महेश बैकुंठ रथ (मोक्ष वाहिनी) की निःशुल्क सेवाएँ आरम्भ की गई।



### माहेश्वरी इन्टरनेशनल मैरिज ब्यूरो

माहेश्वरी इन्टरनेशनल मैरिज ब्यूरो की वेबसाईट में करीब 5 वर्षों से दर्ज पुराने बायोडाटाज को डिलीट कर नये बायोडाटा अपडेट किये गये। वर्तमान में 3825 बायोडेटा सक्रिय है। मैरिज ब्यूरो द्वारा समय-समय पर ऑनलाईन एवं ऑफलाईन परिचय सम्मेलनों का आयोजन भी किया गया।



### सदस्यों की वर्षगांठ पर नई पहल

समाज द्वारा कार्यकारिणी सदस्यों, समितियों संयोजकों एवं MMC सदस्यों को उनकी वैवाहिक वर्षगाँठ व जन्मदिवस पर पौधा भेंट करना आरम्भ किया गया।



### गोल्ड कार्ड वितरण

वर्ष 2024 में समाज बन्धुओं को जयपुर के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गोल्ड कार्ड योजना से जोड़कर छूट (Discount) हेतु नये गोल्ड कार्ड वितरित।



### श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेंटर, विद्याधर नगर

डायग्नोस्टिक सेन्टर में नई विंग का निर्माण कर अप्रेल-2023 में इसका लोकार्पण किया गया



### टेलीफोन निर्देशिका

समाज द्वारा 10 वर्षों के पश्चात् टेलीफोन डायरेक्ट्री के प्रकाशन कार्य पूर्ण गति पर है जल्द ही समाज बन्धुओं को उपलब्ध करवायी जायेगी।



### समाज रिकॉर्ड एवं डाटा की सुरक्षा

समाज कार्यालय के कम्पयूटर्स के डाटा एवं रिकॉर्ड को सर्वर से जोड़कर सुरक्षित किया। समाज परिसर में स्टोर रूम स्थापित एवं आंतरिक साज-सज्जा का कार्य करवाया गया।



महेश नवमी के अवसर पर समाज बन्धुओं द्वारा अब तक स्थापित स्थाई कोषों में कुल 10.53 करोड़ रुपये की राशि जमा है।

### महेश नवमी पर रिकॉर्ड धनराशि का संग्रह

वर्ष 2023 में 3 करोड़ 2 लाख रुपये एवं
वर्ष 2024 में 3 करोड़ 32 लाख रु. का संग्रहण।

- विधवा बहनों एवं वृद्धजनों हेतु मासिक सहायता में बढ़ोत्तरी कर राशि 4500 रुपये की एवं लाभान्वित परिवारों संख्या बढ़कर 225 परिवार हुई।
- जरूरतमंद माहेश्वरी परिवारों की कन्याओं के विवाह पर आर्थिक सहायता प्रदान कर मदद की गई।



- सेन्टर का नवीन विस्तार
- माहेश्वरी बन्धुओं हेतु 20% डिस्काउंट
- तीन वर्षों मे रेवेन्यू में 60% की बढ़ोतरी
- सैम्पल के होम कलेक्शन की सुविधा का विस्तार
- करीब 11 लाख रू. की लागत से 40 KW के सोलर पैनल की स्थापना।
- Colored 3D सोनोग्राफी मशीन की खरीद
- जांच हेतु आधुनिक तकनीकी नवीन मशीने स्थापित
- नियमित मरीजों की संख्या में 50% की बढ़ोतरी

**दोनों डायग्नोस्टिक सेंटर्स पर डॉक्टर्स OPD की सुविधा आरम्भ**



महामंत्री की कलम से...


!! जय महेश !!
सूर्य सप्तमी
के पावन पर्व पर
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
की स्थापना की शताब्दी के उपलक्ष्य में
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ।
शांति लाल जागेटिया
टीम जय महेश
“ हम साथ-साथ हैं... ”
shantilal.jagetia | shantilal.jagetia | +91 9829050742



# सौ साल पहले जयपुर



आज जयपुर की गिनती बड़े शहरों में होती है। वह स्मार्ट सिटी की श्रेणी में आ गया है। पर्यटन मानचित्र में विश्व स्तर पर विख्यात है। जयपुर में अब आलीशान अट्टालिकाओं की भरमार है। जयपुर शहर की आबादी करीब 40 लाख को पार कर चुकी है। भीड़ दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। आज यातायात के अनेक साधन हैं। इसमें मेट्रो रेल भी शामिल है। हवाई मार्ग से भी जयपुर देश-विदेश के प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है। अनेक प्रदेशों के लोग यहां आकर रह रहे हैं। जयपुर पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। जयपुर का एक भव्य रुप उन्हें मोहित करता है।

पर एक सदी यानी करीब सौ वर्ष पहले जयपुर ऐसा नहीं था। ना कोई तड़क-भड़क न कोई रंगत। सीधा-सपाट और एक शांत शहर हुआ करता था जयपुर। हालांकि जयपुर की गिनती उस समय भी महत्त्वपूर्ण नगरों में होती थी। पर यहां की आबादी बहुत कम थी। लोगों का रहन-सहन बहुत साधारण था। रेडियो, अखबार, टेलीफोन चलन में तो थे, लेकिन वह विलासिता की वस्तु माने जाते थे। इनका चलन धनिक वर्ग में था।

## 1925 में हुई थी माहेश्वरी समाज की स्थापना

करीब सौ वर्ष पूर्व जब माहेश्वरी समाज की स्थापना हुई, तब लोग बड़ा सादा जीवन जीते थे। किसी तरह का दिखावा नहीं होता था, या यूं कह लीजिए कि उस समय बहुत ही कम लोगों के पास इतने साधन ही नहीं होते थे कि वह दिखावा कर सकें। मध्यवर्गीय लोगों का जीवन और रहन-सहन काफी साधारण होता था। घरों में न सोफे, न कुर्सियां, न परदे, न गाडियां, न टेलीफोन। इसके बावजूद लोग बड़ी मस्ती में जीते थे, खुश रहते थे, लोगों में आपस में भाईचारा था। बड़ी-बड़ी हवेलियां, कोठियां थीं, जिनमें ज्यादातर लोग किराए पर रहते थे, किराया भी बहुत कम चार-पांच रुपए महीना होता था। ऐसे में ड्राइंगरुम, बेडरुम, डाइनिंग हॉल आदि होने का सवाल ही नहीं उठता था। बाथरुम भी कॉमन होता था।

माहेश्वरी समाज की स्थापना के समय माहेश्वरी समाज के परिवारों की संख्या बहुत कम थी। जयपुर में उस समय समाज के कुल 114 परिवार थे, जिनके सदस्यों की संख्या केवल 700 थी। उस समय परिवारों में आज की तरह खुलापन नहीं थी। बड़े-बूढ़ों का सम्मान किया जाता था। बुजुर्गों की मौजूदगी में बेटा पत्नी से बात नहीं कर सकता था, यहां तक कि बच्चों को गोद में लेना व दुलार करना भी अच्छा नहीं माना जाता था। इसे कोई डर माने या अदब, लेकिन घर-घर में यही देखने में आता था। इसके बावजूद घरों में आपसी प्रेम देखने को मिलता था। सास-बहुओं में भी प्रेम रहता था। रिश्तों की अहमियत नजर आती थी।

बाजार में वाहनों की रेलम-पेल नहीं थी। आटो- टैक्सी को तो कोई सवाल ही नहीं था। सवारी के नाम पर रिक्शा-तांगा जो चलते थे, उन पर चलने की हिम्मत भी लोगों की नहीं पड़ती थी। सिर्फ पैसे वाले लोग ही यह हिम्मत कर पाते थे। अधिकांश लोग घर से दफ्तर, रेलवे स्टेशन, बस-अड्डे व बाजार की दूरी पैदल ही तय करते थे। कुछ के पास साइकिल जरूर नजर आती थीं।

ऐसे सुविधाहीन समाज में पढ़ाई पर भला कौन ध्यान देता, इसका नंबर तो सबसे बाद में आता है। दाल-रोटी आराम से चलने के बाद ही लोग बच्चों को पढ़ाने की सोचते थे। कोई ज्यादा कुछ कहता था, तो उन्हें जवाब मिलता था कि पढ़-लिखकर कौन सो कलेक्टर बनना है। आजादी से पहले का समय, एक ऐसा समय था कि तब सरकारी नौकरियों की भी गुंजाइश नहीं थी। छोटा-मोटा काम-धंधा ही रोजी-रोटी का आसरा हुआ करता था। पिता की यदि दुकान थी, तो बेटा भी दूकान पर बैठकर हाथ बंटाता था। स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या बहुत कम थी। एक तो स्कूल ही बहुत कम थे, दूसरे अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने में रुचि नहीं थी। कुछ बच्चों को उनके मां-बाप जोशी के यहां पढ़ने भेज देते थे। उस समय अध्यापक को जोशी कहा जाता था। जोशी जी पांच-सात बच्चों को झुंड में बिठाकर सबसे पहले उन्हें गिनती व पहाड़े का रट्टा लगवाते थे। बच्चे जोर-जोर से बोलकर गिनती व पहाड़ा पढ़ते व याद करते थे। उस समय मिडिल व मैट्रिक तक पढ़ लेना बहुत बड़ी बात मानी जाती थी। ■

आया ऋतुराज बसंत है...

पूछा जब मैंने फूलों से,
तितली और भँवरों से,
क्यूँ सारे मस्त हैं!
उल्लासित होकर वो बोले,
आया ऋतुराज बसंत है॥

कोयल गीत सुना रही,
खेतों में हरियाली छा रही,
हवा में सौंधी खुशबू अत्यंत है।
महक रहे हैं धरा अम्बर,
आया ऋतुराज बसंत है॥

खिल उठे कविता के सुमन,
मन–मंदिर माँ शारदे सुमिरन,
गंध रस मधु रूप अनंत है।
सजा महाकुंभ प्रयागराज में,
आया ऋतुराज बसंत है॥






**उमेश सोनी** - टीम रघुकुल
9829059157
अध्यक्ष पद प्रत्याशी
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

## सबका साथ – समाज का विकास

**ऐसे कठिन समय में माहेश्वरी समाज ने एक ऐसा कदम उठाया, जिसने समाज में हलचल मचा दी। उसके इस साहस की बस कल्पना ही की जा सकती है। उस समय उन्होंने यह सब कैसे किया होगा, इसे वही समझ सकते हैं। हम तो बस उनके इस साहस को नमन कर सकते हैं। माहेश्वरी समाज ने अपनी लगन, सेवा और समर्पण से शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसी रेखा खींच दी, जो मिटाई नहीं जा सकती। यह रेखा दिनों-दिन बड़ी होती जा रही है।**



# साधनों के बिना डाली शिक्षा की नींव

कल्पना कीजिए कि उस समय हमारे समाज के पुरोधाओं ने यह स्वप्न न देखा होता, तो शिक्षा के क्षेत्र में हम कहां होते। क्या हम उस ऊँचाई पर पहुंच पाते, जिस पर आज हम हैं। उन्होंने एक ऐसा पौधा लगाया, जो आज वटवृक्ष बन गया। उससे शिक्षा रूपी शाखाएं निकलती ही जा रही हैं। यह पौधा भी उन्होंने रेगिस्तान में पनपाया। सूखे में रोपे गए इस पौधे को उन्होंने अपने पसीने और स्नेह से सींच-सींच कर बड़ा किया।

मात्र एक टेबल, एक कुर्सी, एक लकड़ी की पेटी, एक कलम-दवात व होल्डर की धरोहर के साथ सीतारामजी पटवारी और भौंरीलालजी मणियार ने समाज सेवा का संकल्प लेकर जो यात्रा शुरू की थी, उस यात्रा में अब तक हजारों यात्री शामिल हो चुके हैं। इनकी धुन, लगन व मेहनत का ही नतीजा था कि आज माहेश्वरी समाज शिक्षण संस्थानों की कड़ी खोलने में समर्थ हुआ। इनमें हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षा यानी विद्या दान सबसे बड़ा दान होता है। कहावत है कि धनी व्यक्ति अपने क्षेत्र में पूजा जाता है, जबकि विद्वान् व्यक्ति पूरे विश्व में पूजा जाता है। समाज के लोगों के सहयोग से सिर्फ स्कूल, कालेज ही नहीं खुले, बल्कि महेश अस्पताल, सेवा कोष, छात्रावास, बर्तन भंडार, उत्सव, अभिनंदन आनंदम जैसे विशाल सामुदायिक भवन जैसी अनेक शाखाएं तथा चांदपोल व बी2 बायपास, टोंक रोड़ स्थित मोक्षधाम का विकास एवं संचालन किया जा रहा है, जो लोगों की सेवा में संलग्न हैं।



## रात्रि पाठशाला से हुई शुरूआत

यह विचार हुआ कि एक पाठशाला खोली जाए जिससे कि विद्या दान भी होगा, समाज का यश बढ़ेगा और सब लोग आते रहेंगे। पहले-पहले तो लड़के नहीं आए, फिर आने लगे। समय रात्रि का रखा गया क्योंकि प्रथम तो दिन में पढ़ाने कौन आ सकता है। सब काम करते हैं और दूसरे पाठशाला का उद्देश्य यह है कि जो लोग दिन में व्यवसाय, नौकरी आदि किया करते हैं और गरीब होने के कारण विद्याग्रहण करने से मजबूर हैं उनको यहां शिक्षा दी जाए। विद्यार्थियों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी।

- शिक्षा दान की शुरूआत रात्रि पाठशाला से हुई। इसकी शुरूआत बड़े संघर्ष पूर्ण ढंग से हुई। समाज के लोगों ने इसमें भरपूर सहयोग दिया।
- रात्रि पाठशाला के लिए एक साल तक रोशनी का खर्च व 3 महीने तक एक अध्यापक का वेतन श्री गणेश नारायण जी सोमानी ने वैशाख सुदी 3, रविवार संवत् 1989 को लिखा, जिसमें रु. 10/- ता. 9.9.32 को दिया।
- श्री रामजीवन जी मणियार ने सर्वप्रथम चंदा चार आना मासिक दिया और मासिक चंदे की नींव डाली। समाज ने इन दोनों सज्जनों को हार्दिक धन्यवाद दिया।



भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब **घुटना प्रत्यारोपण** कराये

**AI** (Artificial Intelligence) & **AR** (Augmented Reality) तकनीक द्वारा

## Robotic AI और AR तकनीक के फायदे



रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी | सबसे उन्नत और सटीक | जटिलताओं का जोखिम कम | बेहतर परिणाम | पहले से और भी सुरक्षित

# PARTANI CLINIC




## डॉ. अरुण परतानी

एडिशनल डायरेक्टर

ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट

16 वर्षों का सफल अनुभव



## DENTAL IMPLANTS

not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!







## डॉ. भारती परतानी

BDS, MDS

Prosthodontist & Implantologist

15 वर्षों का सफल अनुभव

### Quality Dental Care

- ☑ Dental Implants
- ☑ Teeth Whitening
- ☑ Root Canal
- ☑ Composite Filings
- ☑ Ceramic or
- ☑ Porclain Crowns
- ☑ And Many More......

किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।

**175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015**

**For Queries ✆ 9783788887, 8742067974, 9887302501**

# एक सदी का सफर

माहेश्वरी समाज, जयपुर अपनी यात्रा की एक सदी पूरा करने वाला है। इसकी स्थापना सन् 1925 में हुई थी। तब से इसकी यात्रा अनवरत जारी है। ऐसा नहीं कि समाज की यह यात्रा बड़ी सुगम रही हो, बीच में कई व्यवधान आए, झंझावातों से भी सामना हुआ, लेकिन समाज ने हिम्मत नहीं हारी। सारी बाधाओं को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा।

इसका सारा श्रेय माहेश्वरी समाज, जयपुर की स्थापना करने वालों को जाता है। ये महानुभाव हैं श्री हरिनारायण जी तोषनीवाल (एम.ए., इंगलिश), बाबू गणेश नारायणजी सोमानी (बी.ए., एलएल.बी.), श्री श्यामलालजी काबरा, श्री सीताराम जी पटवारी और श्री भौंरीलाल जी मणियार। इन सभी महानुभावों की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अब 2025 चल रहा है। माहेश्वरी समाज जयपुर आज सर्व सम्पन्न है। उसने शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा आदि क्षेत्र में महान उपलब्धियां प्राप्त की हैं, इसका श्रेय इसके संस्थापकों को जाता है। उनका लगाया हुआ पौधा ही आज पुष्पित पल्लवित हो रहा है।

इसी वटवृक्ष के इतिहास की कीर्तिगाथा आज से 100 वर्ष पूर्व श्री उमाशंकर चतुर्वेदी प्रधानाध्यापक श्री माहेश्वरी सेवा समाज, जयपुर की वार्षिक कार्य विवरण रिपोर्ट में उपलब्ध है। हालांकि बीच में एक समय ऐसा भी आया था कि समाज को बंद करने की नौबत आ गई थी। कुछ लोग इसके विरोध में स्वर उठाने लगे थे कि इसमें कुछ काम नहीं हो रहा है, इसलिए इसे बंद कर दिया जाए, लेकिन दो उत्साही युवकों ने ऐसा नहीं होने दिया।




# हेडमास्टर साहब की डायरी से ......



**तत्कालीन हेडमास्टर श्री उमाशंकर चतुर्वेदी ने अपनी डायरी में माहेश्वरी विद्यालय की तात्कालिक स्थिति का जीवंत चित्रण किया है। डायरी के प्रमुख अंश इस प्रकार हैं–**

आपका समाज 4 साल अर्थात् संवत् 1984 से 1988 तक कुछ काम नहीं कर रहा था– इसके अतिरिक्त किराया इत्यादि का व्यय व्यर्थ ही हो रहा था। इसलिए एक सभा करके उसमें यह प्रस्ताव पेश हुआ कि समाज को बिल्कुल बंद कर दिया जाए– इसके पक्ष में 10 सज्जन थे और विरुद्ध केवल दो– भौंरीलाल जी मणियार, सीताराम जी पटवारी– दोनों ही नवयुवक थे, उत्साही थे, साहसी थे, दोनों के हृदय में जाति प्रेम को जोश उबल उठा और जाति गौरव के गर्व से सिंहनाद करने लगा– भला यह किस प्रकार हो सकता था कि समाज बंद हो जाए– सीताराम जी पटवारी ने कहा कि केवल दो माह के लिए मुझको इसका भार दिया जाए– यदि उन्नति हो जाए तो ठीक है वरना इसे बंद कर दिया जाए। इसको सबने स्वीकृत कर लिया और दो मास के लिए सीताराम जी को मंत्रीत्व का पद सर्व सम्मति द्वारा दिया गया और भौंरीलाल जी मणियार को मंत्रीजी का सहायक अथवा उपमंत्री बनाया गया। कार्य प्रारम्भ हो गया–भानु सप्तमी संवत् 1988 को समाज का पुन: स्थापन हुआ था या यूं कहिए कि पुनर्जन्म हुआ था–अब दोनों उत्साही नवयुवकों ने अपना तन मन समाज सेवा में लगा दिया– दोनों ने कितना कुछ कर दिखलाया यह इस रिपोर्ट को आद्योपांत पढ़कर ज्ञात होगा–

**उद्देश्य**– जाति की दशा में सुधार करना।

**नियम**– राजनैतिक और धार्मिक विषयों में समाज दखल नहीं देगी। जातीय झगड़ों पर विवाद नहीं होगा। परस्पर त्यौहार सभ्यता एवं प्रीतिपूर्वक मनाए जाएंगे। वोट देने का अधिकार सदस्यों को ही होगा और बहुमत सर्वथा मान्य होगा।

सदस्य वही हो सकेंगे जो समाज के नियमों का पालन करेंगे।

## रात्रि पाठशाला

रात्रि पाठशाला के लिए एक साल तक का रोशनी खर्च और तीन महीने तक का अध्यापक को वेतन श्री गणेश नारायण जी सोमाणी ने बैशाख सुदी 3 रविवार संवत् 1989 को लिखा जिसमें रु. 10/ ता. 9.9.1932 को दिया।

श्री रामजीवन जी मणियार ने सर्वप्रथम चन्दा चार आना मासिक दिया और मासिक चन्दा की नींव डाली। इन दोनों सज्जनों को हार्दिक धन्यवाद। दो तीन दिन बाद यह विचार हुआ कि समाज भवन में एक पाठशाला खोली जाए जिससे कि विद्या दान भी होगा, समाज का यश बढ़ेगा और सब लोग आते रहेंगे इसलिए समाज भी रोज खुलता रहेगा। पहले पहल तो लड़के नहीं आए फिर आने लगे। समय रात्रि का रखा गया क्योंकि प्रथम तो दिन में पढ़ाने कौन आ सकता है। सब काम करते हैं और दूसरे पाठशाला को उद्देश्य यह है कि जो लोग दिन में व्यवसाय, नौकरी आदि किया करते हैं और गरीब होने के कारण विद्या ग्रहण करने से मजबूर हैं उनको यहां शिक्षा दी जाए। विद्यार्थियों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी और काम भी बढ़ने लगा। हाजिरी के नक्शे वगैरह लाए गए। इसके अतिरिक्त दो तीन मास्टर भी रखे गए, समय दो घंटे का रखा गया–सायं 6 से 8 बजे तक। रात्रि

ATHENA BANQUET
MANAGED BY ANGEL RESORT

FULLY EQUIPPED
# BANQUET HALL

SEATING CAPACITY
CLUSTER 250
CLASSROOM 350

Collaboration
Birthday Party
Wedding
Engagement
Conference
Business Meetings







athenabyangelresort
Athena banquet jaipur

Eden Garden, 20th Milestone, Rajawas, Highway, Jaipur, Rajasthan 302013

7340019741
9119155556

पाठशाला के सर्वप्रथम संयोजक सीताराम जी पटवारी थे। सर्वप्रथम मानद् अध्यापक भी आप ही थे। सर्वप्रथम छात्र श्री भौंरीलाल जी मणियार थे।

## व्यायामशाला

कुछ दिनों बाद अखाड़े का काम भी शुरू किया गया – उसमें विद्यार्थी, मास्टर तथा अन्य लोग अपनी शारीरिक उन्नति करने लगे।

## स्थाई सभाएं

भानु सप्तमी और महेश नवमी के महोत्सवों के अतिरिक्त यहां दो सभाएं भी प्रति सप्ताह होने लगीं। पहली बृहस्पतिवार को उसमें विद्यार्थी और मास्टर व्याख्यान दिया करते थे। रविवार को समाज की, उसमें समाज की उन्नति के साधनों पर विचार किया जाता था, यह सभा केवल 1 घंटे की होती थी।

## बर्तन भंडार की स्थापना

21¼ (सवा इक्कीस रुपये) बाल्टियों का खर्चा। श्री मोधानारायण परवाल ने 201 लोटे, तसले धामे दिए। भौंरीलाल जी मणियार ने 41 कटोरियां दी। रामदास जी रामचन्द जी सोनी ने 1 पीतल को होद दी। एक माहेश्वरी सज्जन ने जो नाम नहीं बताना चाहते 51 चम्मच दिए।

अब स्कूल के विषय में पूर्ण प्रसन्नता से और साथ ही गर्व से कहते हैं कि हमारे स्कूल की काफी उन्नति हो चुकी थी– अभी तक रात्रि पाठशाला के प्रधान अध्यापक, स्कूल मंत्री और समाज मंत्री श्री सीताराम पटवारी जो 4 घंटे रोजाना बराबर अपना समय दे रहे हैं, नवम्बर से उनकी बजाय मास्टर बुद्धमल जी खत्री को नियुक्त किया गया, जो कि स्कूल के पुराने मास्टर और उत्साही नवयुवक थे, क्योंकि मंत्रीजी को इतना समय नहीं था। भौंरीलाल जी मणियार स्कूल के मैनेजर इंस्पेक्टर और उपमंत्री बनाए गए। मास्टर बुद्धमल जी ने समयाभाव के कारण हैडमास्टर रहने से इंकार कर दिया इसलिए यह भार मुझे (उमाशंकर चतुर्वेदी) दिया गया। इस समय अर्थात् भानु सप्तमी के अवसर पर नौ मास्टर और लगभग 125 विद्यार्थी स्कूल की शोभा बढ़ा रहे थे।

## श्री माहेश्वरी स्वयंसेवक दल

श्री माहेश्वरी स्वयंसेवकों ने अखिल भारतीय वैद्य सम्मेलन में नथमलजी के कटले में बहुत ही सराहनीय सेवाएं दीं। बीसों अनाथ माहेश्वरी मृतकों को अस्पताल के मुर्दाखाने से श्मशान में ले जाकर अंतिम क्रिया की, लेकिन कोई संगठित रूप नहीं था। अत: मंत्रीजी ने इसको संगठित रूप दिया। इसके नियम उपनियम बनाए और इसका सुचारू रूप से संगठन किया।

## भानुसप्तमी

आज के दिन सबको खुशी हो रही थी – सबने उत्साहपूर्वक इस महोत्सव में भाग लिया– प्रात:काल की सभा में सभापति का आसन श्री बद्रीनारायण जी मोहता ने ग्रहण किया– महेश भागवान का पूजन हुआ– बालकों ने ईश प्रार्थना गाई – केदारनाथ जी फलोड़ ने एकता और बालकृष्ण जी राठी ने समाज की दृढ़ता के विषय में व्याख्यान दिया– तत्पश्चात व्यायामशाला का कार्य दिखाया गया, कई कुश्तियां हुईं– सबने अपनी–अपनी शारीरिक उन्नति बतलाई– अंत में सभापति जी का भाषण हुआ और सभा विसर्जित की गई।

सायंकाल की सभा में सभापति का आसन श्री सेठ बंशीधर मोदानी ने ग्रहण किया– बालकों ने ईश प्रार्थना गाई – इसके बाद पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट हैडमास्टर द्वारा सुनाई गई– मंत्रीजी की अनुपस्थिति के कारण श्री बालकृष्ण राठी ने समाज की रिपोर्ट सुनाई – श्री फूलकिशन जाजू ने आय–व्यय की वार्षिक रिपोर्ट सुनाई। तत्पश्चात बालकों ने मधुर स्वर से एक गायन पाठशाला की उन्नति की ओर ध्यान दिलाया– फिर समाजोन्नति का विविध व्याख्यान कुछ सज्जनों ने दिए। इसके बाद विद्यार्थियों को हाजिरी और पास होने के बारे में इनाम बांटी गई – फिर सभापति जी ने थोड़ा सा भाषण दिया और बालकों को मिठाई बांट कर सभा विसर्जित की गई।

**धन्यवाद :** इन्हीं दिनों में सेठ माधोनारायण जी रामगोपाल जी परवाल ने समाज को 201 गमले दान किए, समाज आपको हार्दिक धन्यवाद देता है– हमें आशा है सब सज्जन आपका अनुकरण करेंगे और इसी प्रकार सेवा करके जाति सेवा का श्रेय प्राप्त करेंगे।

इन दिनों हिन्दी के सुप्रसिद्ध लेखक प्रतिष्ठित जाति सेवक एवं देशभक्त श्रीयुत् भगवान दास केला का यहां शुभागमन हुआ, भला ऐसे अवसर को समाज कब खो सकता था। तत्काल ही सायंकाल एक सभा का आयोजन किया गया। सभापति का आसन बद्रीनारायण जी मोहता ने ग्रहण किया। हिसाब का आंकड़ा जो 7 साल पुराना था और लोग उसके लिए समाज पर संदह कर रहे थे, छपा हुआ सबको बांटा गया और मंत्रीजी ने पढ़कर उसे और साफ करके सबके संदेह को दूर कर दिया। इसके बाद श्री गणेश नारायण जी सोमानी ने श्री केला जी का परिचय सबको दिया। देखिए फिर कब ऐसे जाति प्रेमी और देशभक्त के दर्शन हों। समाज का आर्थिक विवाह का रजिस्टर चालू किया। 4 स्थानों पर मदद कोष बढ़ाने के लिए विवाह आदि विशेष उत्सवों पर रजिस्टर भेजना चालू किया और 4 स्थानों पर उसमें रकम भरी गई।

महेश नवमी प्रात:काल सर्वपथम महेश भगवान की पूजा स्तुति के साथ की गई फिर पाठशाला की ईश प्रार्थना हुई– तत्पश्चात् सभापति बनाने के लिए मंत्रीजी ने श्री गणेश नारायण सोमानी को चुना परन्तु बहुत प्रार्थना करने पर भी वह राजी नहीं हुए। अन्य सज्जनों से भी प्रार्थना की गई परन्तु सब व्यर्थ गई – अंत में महेश भगवान की तस्वीर को ही सभापति के आसन पर सुशोभित किया गया। यह होने पर मा. बुद्धमल खत्री ने महेश नवमी का स्वागत गान गाया। फिर व्यायामशाला का कार्य हुआ अंत में श्री सोमानी जी ने बच्चों को मिठाई बांटी और सभा विसर्जन की गई।

दिनांक 21 सितम्बर को मंत्रीजी के पास एक दरख्वास्त आई उसमें श्री गोरधन जी की धर्मपत्नी अपनी जायदाद का कुछ भाग समाज को दे रही थीं– इसलिए एक सभा हुई– उसमें प्रस्ताव हुए कि यह जायदाद किस प्रकार जी जावे, ट्रस्टी किस–किस को होना चाहिए– सभा में 30 सज्जनों की उपस्थिति थीं– खर्च होने के भय से सब घबरा गए और सब अपनी–अपनी हिम्मत को तिलांजलि दे बैठे। कार्य हो सकता था, मंत्रीजी की पूरी कोशिश थी परन्तु अकेली बूंद सागर नहीं भर सकती– सब कान बंद करके बैठ गए। केवल एक रुपये की राशि व्यय करने के लिए ज्यादा से ज्यादा तैयार हुए ओफ! यह दशा देखकर मंत्रीजी हताश हो गए उनका दिल टूट गया। उसी समय मंत्रीजी का इस्तीफा मंजूर हो गया।

मंत्रीजी ने श्री बद्रीनारायण मोहता को सुयोग्य नवयुवक जानकर अपना भार सौंपा–अभी तक आप ही मंत्रीत्व का कार्य कर रहे हैं– परंतु मंत्रीजी के इस्तीफे का हम सबको बहुत शोक हुआ– हम सब निरूत्साहित होने लगे और विशेष कर उपमंत्रीजी का तो एक हाथ ही चला गया। दोनों एक दूसरे के आधार पर कार्य संचालन करते थे परन्तु विवश थे।

शिक्षा विभाग जयपुर के डिप्टी इंस्पेक्टर से झगड़ा होने तथा प्रजामंडल का जोर होने के नाते मंत्रीजी को सात वर्ष क लिए स्टेट से बाहर राजनैतिक दण्ड के तौर पर शेखावाटी में जाना पड़ा। नौकरी कहीं मिलती नहीं। देश सेवा करते हैं तो स्टेट नहीं करने देता। पैसा पास में नहीं जो व्यापार कर सकें और आवास में रहते हैं तो पुलिस गिरफ्तार करती है। क्या करें? मंत्री सीताराम जी पटवारी का गिरफ्तारी वारंट पर था। अब मंत्रीजी के बाद भी उपमंत्रीजी ने दूने उत्साह से कार्य किया या यूं कहिये कि उन्होंने एक हाथ से ही समाज को संभाला।




Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053

Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**

G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039

Contact : Mr. Rajesh Khator (Jaipur) +91 93524 79947

# शिक्षा को समर्पित रहा जयपुर माहेश्वरी समाज

जो समाज शिक्षा के प्रति समर्पित रहता है, उसके विकास में संलग्न रहता है, उसकी ख्याति दिनों-दिन बढ़ती ही जाती है, वह समृद्धि के रास्ते पर चलता है। समाज के लोगों का उसे सहयोग मिलता है। धन्य हैं माहेश्वरी समाज के वह बंधु, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में एक इतिहास रच दिया। उन्होंने किन कठिन व विषम परिस्थितियों में अपने सपनों को साकार किया होगा, इसे वही जानते होंगे। सबसे बड़ी बात है सपने देखना, योजता तो बाद में साकार होती है। सपनों में रंग भरना आसान नहीं होता, लेकिन माहेश्वरी समाज के गिने-चुने बंधुओं ने सपने भी देखे और उसमें रंग भी भरे। वह रंग आज पूरे माहेश्वरी समाज में फैले हुए हैं।

समाज के सभी कार्य प्रशंसनीय हैं, लेकिन सबसे अधिक प्रशंसनीय यह है कि समाज की कार्यवाही को रिकार्ड में उतारना। ऐसी समझ बहुत ही कम लोगों में होती है कि वे अपने कार्यों को पहले दिन से ही लिपिबद्ध कर सकें। आज से 100 वर्ष पूर्व समाज कार्यवाही की 'मिनिट बुक' बनाना उनकी व्यापक सोच को दर्शाता है। देखने में आता है कि ज्यादातर व्यक्ति या सामाजिक संगठन कार्य तो शुरू कर देते हैं, लेकिन वे उसे कलम बद्ध नहीं करपाते, जिसके कारण कई महत्त्वपूर्ण मुद्दे छूट जाते हैं। प्रामाणिक इतिहास तभी बनता है, जब वह लिखित में होता है। जो इतिहास सुन-सुनकर लिखा जाता है, उसमें त्रुटियां रह जाना स्वाभातिक है।

इसलिए माहेश्वरी समाज का यह कार्य वंदनीय है, साथ ही अनुकरणीय भी है कि अन्य लोग ऐसी गलती नहीं करें। उस समय की प्राप्त मिनिट बुक तथा जयपुर माहेश्वरी समाज के बंधुओं से बहुत ही रोचक व आश्चर्यजनक सामग्री मिली। इसके अलावा अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के अंतर्गत श्री कोठारी बंधु शौर्य स्मृति ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित ग्रंथ ''माहेश्वरी समाज की विशिष्ट विभूतियां'' से भी अनेक पुरानी रोचक जानकारी मिली है।

श्री माहेश्वरी समाज जयपुर द्वारा 1936 को श्री माहेश्वरी उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्थापना की गई थी। पर शिक्षा की अलख जगाने का कार्य तो 1928 में ही शुरू हो चुका था, इसलिए हमें यह मानना चाहिए कि माहेश्वरी समाज स्कूल खोलने से पहले ही बच्चों को शिक्षित करने लगा था। उसके द्वारा संचाजित रात्रि पाठशाला शिक्षा रूपी भवन की नींव के पत्थर के समान है। इसी नींव के पत्थर की वजह से समाज के पहले विद्यालय की शुरूआत हुई।

## स्वागत और सराहना



**सायंकाल को नाटक का कार्यक्रम :** स्टेज बांधने में स्कूल वालों ने तमाम दिन खर्च करके खूब परिश्रम किया। दो चार सज्जनों ने हमारी सहायता की जिनको हम हार्दिक धन्यवाद देते हैं- परन्तु अहा! उत्साह कैसा था? पाठशाला का हृदय उमंग से कैसा परिपूर्ण था? यह लिखना लेखनी की शक्ति के बाहर है इसका अनुमान वही लगा सकते हैं जिन्होंने नाटक देखा हो। सर्वप्रथम श्री सोमानी की सुपुत्री श्रीमती कमला देवी ने संस्कृत छंदों में ईश प्रार्थना की। उस समय सभापति का आसन सोमानीजी ही सुशोभित किए हुए थे। फिर श्री बद्रीनारायण मोहता ने मंत्रीजी की रिपोर्ट सुनाई क्योंकि मंत्रीजी उस समय नाटक में एक पात्र थे- इसके बाद श्री सोमानी ने माहेश्वरियों की उत्पत्ति का कुछ हाल जोशीले शब्दों में वर्णित किया। तमाम माहेश्वरी ही नहीं अन्य जाति वाले भी पाठशाला के लिए धन्य-धन्य के नारे लगाते हुए हार्दिक शुभकामना देकर अपना हर्ष प्रकट कर रहे थे। इस समय हमको 10-12 जातीय भाईयों ने बहुत सहायता दी और हमारे काम में हाथ बंटाया, उनके हम ऋणी हैं। चंदे में विशेषकर निम्नलिखित सज्जनों ने सहायता दी थी-

लक्ष्मीनारायण जी मणियार 5/, गणेशनारायण जी सोमानी 4/, रामचन्द्र जी सोनी 3/, डॉ. ज्वालाप्रसाद जी कचौलिया 2/, रिद्धनारायण जी कचौलिया 1/, श्यामसुंदर जी होलानी 1/ व तेल का पव्वा, आनंदी लाल जी हुरकट 11/, गोपाल जी अजमेरा 11/, शिवनारायण जी मणियार 11/, सीताराम जी पटवारी 2/, इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने भी सहायता सामर्थ्यानुसार दी थी- परन्तु जो सहायता तन-मन-धन की श्री भौंरीलाल जी मणियार ने की उसको समाज कभी नहीं भूल सकता। वास्तव में आपका उत्साह अत्यंत सराहनीय है अब तक आप सेवा में तन-मन-धन ही क्या सर्वस्व लगा चुके - हमारे मंत्री सीताराम जी और आप दोनों समाज के उज्जवल रत्न हैं। इस सभा में श्री सीताराम पटवारी को 'महेश रत्न' को चांदी का पदक श्री गणेश नारायण सोमानी ने प्रदान किया।

**असमर्थ माहेश्वरी कोष की स्थापना :** एक विदेशी माहेश्वरी सज्जन की मृत्यु होने के समाचार सुनकर हमारे प्रेमी भाई तुरंत वहां पर पहुंचे। वहां पर जब यह मालूम हुआ कि यहां पर कफन आदि का भी भार झेलना पड़ेगा तो तुरंत दान के लिए पात्र बिठाया गया। मृतक का दाह संस्कार कर चुकने के पश्चात बचत हुई एक रुपया और कुछ आने। यह रकम इसमें जमा करके इस कोष की भविष्य में आवश्यकता समझकर स्थापना की। धीरे-धीरे इसमें रकम बढ़ती गई।

40 Years 1984 - 2024 IIHMR

# IIHMR UNIVERSITY

JAIPUR

*Pioneering in Future-Ready Education*

# Admission Open 2025

IIHMR University, Jaipur, is the destination for learning and demonstrating the impact of critical skills that improve the effectiveness and efficiency of the most significant and fast-growing sectors – Health and Development – through an innovative learning ecosystem. Our collaborations with universities and organizations empower us to keep pace with our substantial growth. Through learner-led, student-centric, industry-focused, high-quality course content, students are inspired to innovate and advance their learning with peers.

## Programmes Offered

*Our programmes are dynamically responding to the evolving global landscape. Students are equipped with the most sought-after critical skills for decision-making including leadership, management, data-science, and tech skills.*

### MBA Programmes (*Two-year full-time programmes*)

**MBA (Hospital and Health Management)**
**MBA (Pharmaceutical Management)**
**MBA (Healthcare Analytics)**
**MBA (Development Management)**
Specializations are available in:
- CSR & ESG Management
- Sustainable Business Management

### MPH Programmes (*Two-year full-time programmes)*

**Master of Public Health**

*Offered by Johns Hopkins Bloomberg School of Public Health, USA in cooperation with IIHMR University. A visit to Johns Hopkins University, USA to complete selected credit courses is included in the programme.*

**Master of Public Health (Implementation Science)**

*Get an opportunity to learn with international students from the Eastern Mediterranean region.*

### Executive Programmes (*For working professionals/executives)*

**Master of Public Health *(Executive)***
**Master of Hospital Administration *(Executive)***
**MBA (CSR & ESG Management) *(Executive)***



## Scholarships worth Rs. 3.17 Cr.

**Full Tuition Fee Scholarships:**
For Socially Challenged (SC/ST/OBC-NC) and Economically Weaker Section (EWS) students

**Merit Scholarships:**
Based on
**CAT/XAT/MAT/CMAT/NMAT/ATMA**
Score or Graduation Percentage

**HIGHEST PACKAGE ₹ 35.6 LPA**

## Recognitions

Business India
A+++ in Best B-School in India

Times School
# 13 top Universities in india
# 1 in B-School Rajasthan

GOALS
# 6 in Indian Universities
# 101-200 Band, All World Universities

GHRDC
# 1 in Private B-School in Rajasthan
# 9 in Premier B-School in India

EDUCATION WORLD
# 2 in India's Top Private Medical & Health Science University
# 1 in Rajasthan Private B-School
# 10 in India's Top-100 Private B-Schools

## Collaborations and Partnerships

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| John Hopkins University USA | University of Manchester U.K. | University of Montreal Canada | Curtin University Malaysia | Management & Science University Malaysia | Duquesne University Pittsburgh, Pennsylvania, USA | Mendel University Brno, Czechia | Universitas Islam Bandung Indonesia |






To know more about admissions

+91-9145989952, +91-9358893199, +91-9358893198, +91-9358821088, +91-9001919777

admissions@iihmr.edu.in  www.iihmr.edu.in  1, Prabhu Dayal Marg, Sanganer Airport, Jaipur-302029, Rajasthan, India

# माहेश्वरी हाई स्कूल, जयपुर (राजस्थान)

## (प्रबन्ध कारिणी समिति) सत्र 1958-59



**बैठे हुए ( बायें से दायें ) :** श्री पन्नालाल झंवर, श्री दामोदरदास मालपानी, श्री प्रभुदयाल लोईवाल, श्री गणेशनारायण अजमेरा, डॉ. ज्वालाप्रसाद कचोलिया ( अध्यक्ष ), श्री श्रीनारायण फलोड़, श्री छगनलाल चितलांग्या, श्री राधेश्याम काबरा, डॉ. राधाकृष्ण परवाल।

**खड़े हुए प्रथम पंक्ति ( बायें से दायें ) :** श्री रामदास राठी, श्री दामोदरदास सोमानी, श्री राधाकृष्ण बियानी, श्री रामचंद्र सोनी, श्री सीताराम पटवारी, श्री रामकिशोर परवाल, श्री कन्हैयालाल सारड़ा, श्री सूर्यनारायण गट्टानी, श्री नथमल राठी, श्री धनपतराय जैथलिया ( प्रधानाध्यापक )।

**खड़े हुए द्वितीय पंक्ति ( बायें से दायें ) :** श्री दुर्गालाल नागौरी, श्री मदनगोपाल राठी, श्री बंशीधर नोवाल ( मंत्री ), श्री द्वारकादास परवाल, श्री रामरतन कचोलिया।

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# ''उत्सव''

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

**पी–10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर**

फोन नं. 0141–2236743–44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com



| यूनिट | विवरण | किराया राशि |
|---|---|---|
| | **ब्लॉक ए** | |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित | 25800/- |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित | 68800/- |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 34400/- |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 34400/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे) | 800/- प्रति रूम |
| | प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) | 2500/- प्रति रूम |
| | **ब्लॉक बी** | |
| V | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित | 22000/- |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर | 25800/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) | 800/- प्रति रूम |

विशेष : ★ यूनिट V (हॉल एवं भोजनकक्ष) की किराया दर रुपये 32800/- प्रतिदिन से अब कम करके रुपये 22000/- प्रतिदिन की गई है, लाभ उठावें।

★ भवन के सभी कमरों में कुल 186 बैड स्थापित है एवं 63 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।

★ सभी यूनिट्स का किराया रुपये 211200/- प्रतिदिन है। 18% अतिरिक्त देय है।

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है।
(कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 3 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

**चैक इन टाइम – 12:00 PM**
**चैक आउट टाइम – 09:00 AM**

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**संचालन समिति**
(सत्र 2022–2025)

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**विनोद कुमार तोतला** – चेयरमैन
**सुरेश कालानी** – सचिव
**घनश्याम भूतड़ा** – वाईस चेयरमैन (वित्त)
**रामसहाय मांधना** – सह सचिव
**सुनील बिहाणी** – भवन मंत्री
**विपिन तोतला** – कोषाध्यक्ष

सदस्य : एम.डी. बांगड़, गिर्राज प्रसाद सोढ़ानी, श्रीगोपाल भूतड़ा, कृष्ण कुमार राठी

# एक सदी की गौरवमयी यात्रा : समाज संरक्षक


स्व. श्री नानगराम झंवर


स्व. डॉ. ज्वालाप्रसाद कचोलिया


स्व. श्री गणेशनारायण अजमेरा


स्व. श्री प्रभुदयाल लोईवाल


स्व. श्री मोहन लाल लढ्ढा


स्व. श्री चांदबिहारी साबू


स्व. श्री कन्हैयालाल सारड़ा


स्व. श्री कन्हैयालाल घाटीवाला


स्व. श्री बंशीधर नोवाल


स्व. श्री बद्रीनारायण लढ्ढा


स्व. श्री भंवरलाल फोफलिया


स्व. श्री लक्ष्मीनिवास मूंदड़ा (एल.एन.)


स्व. श्री भौंरीलाल मनिहार


स्व. श्री आर.एस. परवाल


स्व. श्री बाबूलाल कोठ्यारी


स्व. श्री रामदास राठी


स्व. श्री सतीश चन्द्र लोईवाल


स्व. श्री द्वारकादास परवाल


स्व. श्री आर. एस. फलोड़


स्व. श्री जमनादास अजमेरा


स्व. श्री राधेश्याम धूत


स्व. श्री गोपीचन्द मनिहार


स्व. श्री गोरधनदास नोवाल


स्व. श्री गिरिराज प्रसाद भूतड़ा


स्व. श्री किशनदास घाटीवाला




श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

जनोपयोगी भवन

# "अभिनन्दन"

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड

वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020

सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883

Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM

## अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन

द्वितीय तल (Unit-II) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

चतुर्थ तल (Unit-V) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

प्रथम तल (Unit-II) : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट)

तृतीय तल (Unit-IV) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

पंचम तल (Unit-VI) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### संचालन समिति
(सत्र 2022-25)

**शांति लाल जागेटिया**
चेयरमैन

**गिरिराज प्रसाद मोदानी**
वाईस चेयरमैन (वित्त)

**अशोक कुमार फलोड़**
वाईस चेयरमैन (संचालन)

**महेश कुमार साबू**
सचिव

**सुरेन्द्र कुमार मान्धना**
सह सचिव

**राधामोहन तोतला**
भवन मंत्री

**कैलाश चन्द्र परवाल**
कोषाध्यक्ष

**सदस्यगण :** द्वारकादास सोढ़ानी, जुगलकिशोर साबू, राघव बिहानी, विनोद अजमेरा

# एक सदी की गौरवमयी यात्रा : समाज संरक्षक


स्व. श्री प्रभुदास मांधना


श्री आर. डी. बाहेती


श्री रमेश चन्द्र मनिहार


श्री राजेन्द्र मूंदड़ा


श्री रामस्वरूप कोठ्यारी


श्री राधेश्याम खटोड़


श्री रामस्वरूप जाजू


श्री ज्योति कुमार सोमानी


श्री सीताराम मालपानी


श्री बिहारी लाल साबू


श्री रामअवतार अजमेरा


श्री रामकिशन जाजू


श्री सत्यनारायण मांधना (हस्ती पाईप)


श्री मुरलीधर राठी


श्री नटवर गोपाल मालपानी


श्री सत्यनारायण काबरा (मा.न.)


श्री मनोहर लाल सारडा


श्री सत्यनारायण काबरा (जे.डी.)

## प्रेरणा स्तोत्र एवं मार्गदर्शक


स्व. सेठ श्री गोविन्द नारायण उर्फ बब्बू जी सोमानी


स्व. श्री उत्तम चन्द नांगलिया


स्व. श्री रामगोपाल काबरा


स्व. श्री बद्रीनारायण मोहता


स्व. श्री भौंरीलाल परवाल


स्व. सेठ श्री बद्रीनारायण लढ्ढा


स्व. श्री भौंरीलाल मनिहार


स्व. श्री जगन्नाथ जाजू


स्व. श्री सीताराम पटवारी


स्व. श्री छिगनलाल चितलांग्या


स्व. श्री मांगीलाल सोढ़ानी


स्व. श्री आनन्दीलाल परवाल

# आरोग्यम्

## A NATUROPATHY CENTER

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से

### सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, ऑव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पोंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।









### उपचार सुविधाएँ

- गर्म ठण्डा सेंक
- मिट्टी पट्टी
- सर्वांग मिट्टी लेप
- कटि स्नान
- रीढ़ स्नान
- गर्मपाद स्नान
- भाप स्नान
- आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश
- एक्यूप्रेशर
- आहार चिकित्सा
- शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति
- फिजियोथैरेपी
- वैक्स बाथ
- चुम्बक चिकित्सा
- चादर लपेट

### उपचार दरें

| | |
|---|---|
| पंजीकरण (One Time) | ₹ 100 |
| परामर्श शुल्क (One Time) | ₹ 100 |
| दैनिक उपचार | ₹ 300 |
| साप्ताहिक उपचार | ₹ 1300 |
| पाक्षिक उपचार | ₹ 2,500 |
| मासिक उपचार | ₹ 4,500 |

| | |
|---|---|
| वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित) | ₹ 25,000 |
| आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| फिजियोथेरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन) | ₹ 100 |
| फिजियोथेरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [ साप्ताहिक-6 दिन ] | ₹ 500 |

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री

**चन्द्रमोहन कासट**
(संयोजक)
9314460785

**सम्पर्क करें :** डॉ. शेखर शर्मा (कन्सलटेन्ट)
योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

**9680058890**
**9829058890**

**समय :** प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)

# गौरवमयी विकास यात्रा में समाज के नेतृत्वकर्ता

## समाज अध्यक्ष/मुख्यमंत्री-महामंत्री

| सत्र | अध्यक्ष | मुख्यमंत्री/महामंत्री |
|---|---|---|
| 1925-26 | श्री श्यामलाल काबरा | श्री उत्तमचंद नांगलिया |
| 1927 | श्री श्यामलाल काबरा | श्री श्याम सुन्दर होलानी |
| 1928 | श्री श्यामलाल काबरा | श्री शिव शंकर झंवर |
| 1929 | श्री गणेश नारायण सोमानी | श्री रामगोपाल काबरा |
| 1930-31 | श्री श्यामलाल काबरा | श्री रामगोपाल काबरा |
| 1932 | श्री श्यामलाल काबरा | श्री सीताराम पटवारी |
| 1933-35 | श्री श्यामलाल काबरा | श्री बद्रीनारायण मोहता |
| 1936-39 | श्री डॉ. ज्वाला प्रसाद कचोलिया | श्री बद्रीनारायण मोहता |
| 1940-47 | श्री डॉ. ज्वाला प्रसाद कचोलिया | श्री भौंरीलाल परवाल |
| 1948 | श्री डॉ. ज्वाला प्रसाद कचोलिया | श्री श्यामलाल काबरा/ श्री रामकिशोर परवाल |
| 1949 | श्री प्रभूदयाल लोईवाल | श्री भौंरीलाल परवाल |
| 1950-51 | श्री डॉ. ज्वाला प्रसाद कचोलिया | श्री भौंरीलाल परवाल |
| 1952-59 | श्री डॉ. ज्वाला प्रसाद कचोलिया | श्री द्वारकादास परवाल |
| 1960-65 | श्री प्रभूदयाल लोईवाल | श्री आनन्दी लाल परवाल |
| 1966-67 | श्री प्रभूदयाल लोईवाल (2.10.1966 तक) | |
| | श्री गणेश नारायण अजमेरा | श्री आनन्दी लाल परवाल |
| 1967-69 | श्री गणेश नारायण अजमेरा | श्री आनन्दी लाल परवाल |
| 1970 | श्री गणेश नारायण अजमेरा | श्री मदन गोपाल राठी |
| 1971-74 | श्री गणेश नारायण अजमेरा | श्री आनन्दी लाल परवाल |
| 1975 | श्री गणेश नारायण अजमेरा | श्री मोहनदास नांगलिया |
| 1976-79 | श्री गणेश नारायण अजमेरा | श्री आनन्दी लाल परवाल |
| 1979-81 | श्री गणेश नारायण अजमेरा | श्री आनन्दी लाल परवाल |
| 15 मई 1979 से | श्री मोहन लाल लढ्ढा | श्री आनन्दी लाल परवाल |
| 1981-85 | श्री मोहन लाल लढ्ढा | श्री बाबू लाल माहेश्वरी |
| 1985-89 | श्री मोहन लाल लढ्ढा | श्री आनन्दी लाल परवाल |
| 1989-91 | श्री आर.डी. बाहेती | श्री बाबूलाल कोठ्यारी |
| 1991-93 | श्री रणछोड दास मालपानी (मार्च 1993 तक) | श्री रामस्वरूप कोठ्यारी |
| | श्री राधा कृष्ण अजमेरा (मार्च 1993 से कार्यवाहक) | श्री रामस्वरूप कोठ्यारी |
| 1994-97 | श्री कन्हैयालाल सारड़ा | श्री बाबूलाल कोठ्यारी (17-09-1994) तक श्री बाबू लाल तोतला (17-09-1994) से |
| 1997-99 | श्री बाबूलाल तोतला | श्री सीताराम मालपानी |
| 1999-02 | श्री सीताराम मालपानी | श्री रामस्वरूप कोठ्यारी |
| 2002-05 | श्री बालकिशन सोमानी | श्री मनोहर लाल सारड़ा |
| 2005-08 | श्रीरामस्वरूप कोठ्यारी | श्री सुभाष सिंगी |
| 2008-12 | श्री बजरंग जाखोटिया | श्री मनोहर लाल सारड़ा |
| 20112-15 | श्री ओमप्रकाश दरगड़ | श्री सुभाष सिंगी |
| 2015-18 | श्री सत्यनारायण काबरा (मा.न.) | श्री संजय माहेश्वरी (चांडक) |
| 2019-22 | श्री प्रदीप बाहेती | श्री गोपाल लाल मालपानी |
| 2022-25 | श्री केदार मल भाला | श्री मनोज मूंदड़ा |

## श्री माहेश्वरी महिला परिषद् जयपुर
## अध्यक्षा व मंत्राणी के नामों की सूची

| सत्र | अध्यक्षा | मन्त्राणी |
|---|---|---|
| 1963-64 | श्रीमती शान्तादेवी गट्टानी | श्रीमती कमला सोमानी |
| 1964-65 | श्रीमती चन्द्रकान्ता भैया | श्रीमती कमला सोमानी |
| 1965-66 | श्रीमती दामोदरीबाई अजमेरा | श्रीमती कमला सोमानी |
| 1966-67 | श्रीमती तारादेवी साबू | श्रीमती मुन्नादेवी नांगलिया |
| 1967-68 | श्रीमती तारादेवी साबू | श्रीमती मुन्नादेवी नांगलिया |
| 1968-69 | श्रमती कमलादेवी कचोलिया | श्रीमती रतनदेवी खटोड़ |
| 1969-70 | श्रीमती गोपीदेवी फ्लोड़ | श्रीमती गीतादेवी अजमेरा |
| 1970-71 | श्रीमती विमलादेवी लोईवाल | श्रीमती गीतादेवी अजमेरा |
| 1971-72 | श्रीमती विमलादेवी लोईवाल | श्रीमती गीतादेवी अजमेरा |
| 1972-73 | श्रीमती विमलादेवी लोईवाल | श्रीमती गीतादेवी अजमेरा |
| 1973-74 | श्रीमती विमलादेवी लोईवाल | श्रीमती करुणा पोरवाल |
| 1974-75 | श्रीमती विमलादेवी लोईवाल | श्रीमती करुणा पोरवाल |
| 1975-76 | श्रीमती विमलादेवी लोईवाल | श्रीमती करुणा पोरवाल |
| 1976-77 | श्रीमती गीतादेवी अजमेरा | श्रीमती करुणा पोरवाल |
| 1977-78 | श्रीमती सुशीला मूंदड़ा | श्रीमती करुणा पोरवाल |
| 1978-79 | श्रीमती सुशीला मूंदड़ा | श्रीमती राजश्री चितलांग्या |
| 1979-81 | श्रीमती राजदुलारी धूत | श्रीमती राजश्री चितलांग्या |
| 1981-83 | श्रीमती सुशीला मूंदड़ा | श्रीमती शोभा मूंदड़ा |
| 1983-85 | श्रीमती चन्द्रकान्ता साबू | श्रीमती लक्ष्मी परवाल |
| 1985-87 | श्रीमती सुशीला मूंदड़ा | श्रीमती लक्ष्मी परवाल |
| 1987-89 | श्रीमती सुशीला मूंदड़ा | श्रीमती लक्ष्मी परवाल |
| 1990-92 | श्रीमती सुशीला मूंदड़ा | श्रीमती लक्ष्मी परवाल |
| 1993-95 | श्रीमती पुष्पा होलानी | श्रीमती लक्ष्मी परवाल |
| 1996-98 | श्रीमती शोभा मूंदड़ा | श्रीमती लक्ष्मी परवाल |
| 1999-2001 | श्रीमती लक्ष्मी परवाल | श्रीमती सविता पटवारी |
| 2002-04 | श्रीमती कृष्णा खटोड़ | श्रीमती नीलम देवपुरा |
| 2005-08 | श्रीमती कृष्णा खटोड़ | श्रीमती अनिता राठी |
| 2009-12 | श्रीमती पदमा जाजू | श्रीमती अनिता राठी |
| 2012-15 | श्रीमती सविता पटवारी | श्रीमती नीलम देवपुरा |
| 2015-18 | श्रीमती अनिता काबरा | श्रीमती स्नेहलता साबू |
| 2019-22 | श्रीमती रजनी माहेश्वरी | श्रीमती स्नेहलता साबू |
| 2022-25 | श्रीमती ज्योति तोतला | श्रीमती अल्पना सारड़ा |

Ray-Ban ELLE VOGUE Fastrack LACOSTE TOMMY HILFIGER ESPRIT

UP TO 30%* DISCOUNT FOR MAHESHWARI'S ONLY

Mukesh Baheti
+91 98290 48022

## Baheti Optician

WHOLESALE DEALERS IN ALL KIND OF OPTICAL FRAMES & GLASSES & GOGGLE

A-13, Mall Road, Sector-1, Vidhyadhar Nagar, Jaipur-13
9929076022

Shri PARASRAM Holdings Pvt. Ltd.

ANAND AJMERA
9828111112
9828019221

## Shri Parasram Holdings Pvt. Ltd.

Corp. Member : NSE (CASH & FO), BSE, MCX, NCDX, DP - NSDL, CDSL

SDC Classic, G-1, Plot No. H-34, Tagore Path, Behind K.P. Automotives
Jaisingh Highway, Bani Park, JAIPUR-302016 (Raj.)
Tel. : 0141-4922271, 2207774 • Trading : 0141-4025858 Back Off
E-mail : zeesab1@hotmail.com

MITSUBISHI ELECTRIC Changes for the Better
eco Changes for a greener tomorrow

## Raj Engineers

Vikas Kumar Maheshwari

Preferred Sales & Service Dealer For
Mistsubishi Electric India Pvt. Ltd.

Contact for Sale, Service, Repair, Installation of AC

502-A, Vth Floor, Gordhan Sky Mall, Khatipura Road, Jhotwara, Jaipur-12
Mobile : 9828269798, 8079071116 • email : rajengjaipur@gmail.com

Shree Krishna Group

## जय श्री कृष्णा प्रोपर्टीज एण्ड बिल्डर्स

Reg. No.-SCA/2016/14/993369

- डुप्लेक्स/विला/फ्लेट
- खाली भूखण्ड/रेन्टल इन्कम प्रोपर्टीज
- व्यवसायिक/औद्योगिक भूखण्ड क्रय-विक्रय हेतु
- शॉर्ट टाईम व लोंग टाईम इन्वेस्टमेंट

बिल्डिंग मेटेरियल सामान सहित भवन निर्माण हेतु

भवानी माहेश्वरी (छापरवाल) 9314651206

H.O. श्री श्याम मन्दिर के पास, रोड़ नं. 5 के सामने, मुरलीपुरा, सीकर रोड़, जयपुर
B.O. गाँधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर 8766111100
skgroup.jaipur@gmail.com www.shreekrishnagroupindia.com

WE CREATE MEMORIES

## Satkaar Event & Decorators — Satkaar Caterers

Deepak Bhandari
+91-9829051091
+91-9460951091

Rahul Jajoo
+91-9828112085

Your Trust & Safety is Our Responsibility

Wedding Planner & Event Management (Sangeet, Birthday Parties, Get Togethers)
Outdoor Food Catering, Online Sweets & Food Service's

Off. Add. :- 1156, Nirwan Marg, Jhotwara Road, Jaipur
Workshop Add. :- 34, Bansi Vihar, Gurjar Ki Thadi, Jaipur

Place Your Order (Before One Day):
Paytm 9024643576 or Cash on Delivery

Web. : www.satkaarevents.com

## EXIDE

Authorised Distributor

HARI OM BATTERY
HIND MOTORS
(SINCE 1965)

卐 DEALS IN ॐ

HEMANT MACHHAR 99287-89449
HARI KISHAN MACHHAR 94140-73249

OPP. AGARWAL COLLEGE, AGRA ROAD, JAIPUR 302004

EXIDE DEALERS

EXIDE BATTERY - TWO WHEELER, FOUR WHEELER & HEAVY VEHICLES
EXIDE INVERTORS & INVERTOR BATTERY • UPS BATTERY & SMF BATTERY

## पर्ण Sudha

पार्टी की शान, पर्ण सुधा पान

100% Natural Paan Anytime
ना चूना, ना कत्था, ना सुपारी, No-पीक पान

A guilt free dessert for your sweet tooth

Paan Anytime
Choclate paan
Fruit Paan
Seed Paan
Arid (Dry) Paan (10-15 days shelf life)

Delivery anywhere in Jaipur

Scan to Know more

Anuradha Mandhana 9351623232

A initiative by women entrepreneurs

Shivani Chitlangiya 8290001155

www.parnsudha.in

Get-together, functions, wedding & party orders are accepted. Customized outstation packing is available.

Venture Partner
SEJAL'S café & more

Outlet at Vaishali Nagar (Behind National Handloom)
Mitesh Mandhana 9829066626

## गौरवमयी विकास यात्रा में समाज के नेतृत्वकर्ता

### श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर के अध्यक्ष एवं मंत्री

| सन | अध्यक्ष | मन्त्री |
|---|---|---|
| 1961 | श्री जमनादास अजमेरा | श्री मोहनलाल शारदा |
| 1962 | श्री जमनादास अजमेरा | श्री मोहनलाल शारदा |
| 1963 | श्री सत्यनारायण साबू | श्री विट्ठल दास कचोलिया |
| 1964 | श्री सत्यनारायण साबू | श्री रोशनलाल शारदा |
| 1965 | श्री गुलाबचन्द झंवर | श्री रोशनलाल शारदा |
| 1966 | श्री मदनगोपाल राठी | श्री रोशनलाल शारदा |
| 1967 | श्री गुलाबचन्द झंवर | श्री रामस्वरूप कोठ्यारी |
| 1968 | श्री चांदकरण बल्दुवा | श्री रामगोपाल भंडारी |
| 1969 | श्री गुलाबचन्द झंवर | श्री रामगोपाल भंडारी |
| 1970 | श्री मुरलीधर बंग | श्री रामगोपाल भंडारी |
| 1971 | श्री बल्लभदास चितलांग्या | श्री कैलाशचन्द्र परवाल |
| 1972 | स्व. श्री जुगल मालपानी | श्री गोरधनदास लड्ढा |
| 1973 | श्री श्रीकिशन अजमेरा | श्री राजेन्द्र कुमार राठी |
| 1974 | श्री रामगोपाल भंडारी | श्री राधेश्याम परवाल |
| 1975 | श्री राजेन्द्र कुमार राठी | श्री सन्तोष कुमार अजमेरा |
| 1976 | श्री राजेन्द्र कुमार राठी | श्री सन्तोष कुमार अजमेरा |
| 1977 | श्री राम अवतार अजमेरा | श्री नवल किशोर झंवर |
| 1978 | श्री रामदास कोठ्यारी | श्री फूलचन्द जाखोटिया |
| 1979 | श्री श्रीकिशन अजमेरा | श्री सुनील अजमेरा |
| 1980 | श्री गोरधन दास लड्ढा | श्री बल्लभ दास साबू |
| 1981 | श्री सन्तोष कुमार अजमेरा | श्री कमल साबू |
| 1982 | स्व. श्री प्रेमनारायण मोदानी | श्री राम अवतार सोनी |
| 1983 | श्री रामदास मालपानी | श्री सुनील अजमेरा |
| 1984 | श्री ईश्वर मालपानी | श्री नवल हुरकट |
| 1986-87 | श्री विमल चौधरी | श्री निर्मल कचोलिया |
| 1990 | श्री सत्यनारायण सोमानी (एडहॉक कमेटी) | श्री प्रदीप बाहेती (एडहॉक कमेटी) |
| 1992-94 | श्री प्रदीप बाहेती | श्री सुभाष सिंगी |
| 1994-96 | श्री प्रदीप बाहेती | श्री मनोज मूंदड़ा |
| 1996-99 | श्री मनोज मूंदड़ा | श्री पवन बजाज |
| 1999-2002 | श्री मुरारी लाल बिड़ला | श्री कमल सोमानी |
| 2002-05 | श्री कमल सोमानी | श्री अनिल कोठ्यारी |
| 2005-09 | श्री पवन बजाज | श्री भगवान सहाय लढ्ढा |
| 2009-13 | श्री गोविन्द मालपानी | श्री रामअवतार काबरा |
| 2013-16 | श्री आलोक झंवर | श्री अरुण बाहेती |
| 2016-19 | श्री चन्द्रप्रकाश धूत | श्री अजय सारड़ा |
| 2019-22 | श्री आशीष मंत्री (गणगौर बेसन) | श्री अंकित काबरा |
| 2022-25 | श्री अभिषेक मांधना | सीए. अखिल भाला |



## स्वयं को जानें तो जीवन सच्चिदानन्द हो

हमारे अन्दर चार चीजें होती हैं मन, बुद्धि, चेतना, और अहंकार।

पहला है मन जो हमेशा किसी बाहरी विचार पर लालायित रहता है वो बाहरी विचार किसी इंसान, वस्तु, खाना आदि के प्रति हो सकता है अर्थात वो चीजें जिनसे हमारा अत्यधिक मोह होता है।

दूसरी है बुद्धि जो हमें सही और गलत की पहचान कराती है जिसका आधार होता है जिसे हमने जन्म से लेकर अब तक अपनी समझ के द्वारा प्राप्त किया है।

तीसरी है चेतना जो हमें सत्य का परिचय कराती है जिसकी आवाज हम कभी-कभी सुनते हैं यह आवाज हम अधिकतर तब सुनते हैं जब हम घोर दुविधा या धर्म के दोराहे पर खड़े होते हैं या फिर हम अपने स्वभाव के खिलाफ कोई गलत काम कर रहे होते हैं तब हमें अपनी चेतना की आवाज सुनायी देती है अगर हम अत्यधिक उग्र हैं तो हमारा मन इसे सुनता नहीं है अगर हम शांत अवस्था में हैं तो हमें सत्य रूपी चेतना की आवाज स्पस्ट सुनायी देती है।

और चौथा होता है हमारा अहंकार जो सबसे जटिल और सूक्ष्म होता है जो हमारे मन, बुद्धि, चेतना की आवाज पर हमेशा प्रबल रहता है।

हमारे अन्दर इन चारों में हमेशा तू-तू मैं-मैं होती रहती है मन हमारा किसी चीज़ पर भटकता है तो बुद्धि अन्दर से सही गलत के बारे में बताती है मन और बुद्धि में बहस होने लगती है। इन दोनों में कोई भी जीते, मैं (अहंकार) की भावना आ जाती है जब अहंकार आ जाता है तो चेतना की सत्यरूपी आवाज है वो हमें नहीं सुनायी देती ...हम अहंकार को ऐसे समझ सकते हैं अहंकार हमें हवाई जहाज में सफर कराता है और जब हमें सत्य का ज्ञान होता है तो हम बिना पैराशूत के नीचे गिरते हैं और इससे हमें बहुत भयंकर चोट लगती है और चोट किसे लगती है चोट लगती है हमारे ज्ञान को।

मन कहता है मैंने तो तुम्हे सुखी करने की कोशिश की थी और बुद्धि कहती है मैंने तुम्हे सही गलत की पहचान करायी थी अगर तुम मन के बहकावे में हो, तो इसमे मेरा क्या दोष है। चेतना कहती है मैंने तो तुम्हे सदा सत्य की पहचान करायी है तुमने अनसुना कर दिया तो मैं क्या करूं।

अहंकार कहता है मैंने तुम्हे हवाई जहाज की यात्रा करवाई अगर तुम पैराशूट (सत्य का ज्ञान) लेके नहीं आये तो मेरा क्या दोष?

यह बहुत गहरी और सार्थक विवेचना है हमारे अंदर के चार प्रमुख तत्वों-मन, बुद्धि, चेतना और अहंकार-की भूमिका पर। जब इन तत्वों के बीच संतुलन बनता है, तो हमारी मानसिक स्थिति शांतिपूर्ण और सही दिशा में होती है, लेकिन जब इनका संघर्ष बढ़ जाता है, तो हम भ्रमित हो जाते हैं और सत्य से भटक जाते हैं।

बेचारे हम इन चारों की बहस के चक्कर में अपने आप को भूल जाते हैं तो हम किसे भूल जाते हैं अपने बोध को अर्थात सत्य रूपी ज्ञान को जो आनन्द का शंखनाद होता है जिस की ध्वनि से हमारे अन्दर का वातावरण सदा सत्य रूपी ओक्सिजन से परिपूर्ण होता है और चारों ओर प्रेम रूपी हरियाली होती है ओर अन्दर और बाहर का सारा वातावरण खुशिओं से महक जाता है।

अपने आप में बहुत अच्छा वर्णन है स्व को पहचानने एवं जीवन को सार्थक और सन्तुलन का।

# विश्व विख्यात "माहेश्वरी समाज जयपुर" का गौरवशाली सौवाँ स्थापना दिवस है "सूर्य सप्तमी" दिवस

किसी भी संस्था के लिए (1925–2025) शताब्दी जयंती (100 वर्ष) का समय अपने आप में एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव होता है।

हमारे दूरदृष्टा प्रबुद्ध गर्वित पुरखों ने माघ मास शुक्लपक्ष सप्तमी तिथि का चयन माहेश्वरी समाज जयपुर संगठन स्थापना का शुभारंभ किया था।

इस पावन दिन का चयन प्रतिष्ठित माहेश्वरी समाज जयपुर एवं सर्व समाज के लोक कल्याणकारी सेवा कार्यों करने का ध्येय संकल्प हेतु सूर्य सप्तमी के रूप में किया था।

सूर्य देव सृष्टि को निरोग रखने हेतु अनवरत चलायमान रहते हैं।

शुभ तिथि पर एक स्वस्थ समाज ही समृद्ध समाज की नींव रखता हैं।

## आइए जानते हैं इस पवित्र पर्व को

सूर्य सप्तमी या रथ सप्तमी उत्सव के रूप में मनाया जाना तथा इसका अनन्त महत्त्व इस प्रकार है :

- मान्यता है कि इस दिन भगवान सूर्य का जन्म हुआ था।
- इस दिन सूर्यदेव ने अपने प्रकाश से दुनिया को रोशन किया था।
- इस दिन सूर्यदेव को अपनी पत्नी संज्ञा और संतानें मिली थीं।
- इस दिन सूर्यदेव सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर प्रकट हुए थे।
- इस दिन सूर्यदेव को अचला सप्तमी, विधान सप्तमी, और आरोग्य सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है।
- इस दिन सूर्यदेव की पूजा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।
- इस दिन जल चढ़ाने से बुद्धि तेज होती है और मानसिक शांति मिलती है।
- इस दिन सूर्यदेव को अर्घ्य देने से लंबी उम्र, आरोग्य, और समृद्धि की प्राप्ति होती है।
- इस दिन दान-पुण्य करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है।
- इस दिन सूर्य गायत्री मंत्र का जाप करने से आत्मशुद्धि, आत्म-सम्मान, और मन की शांति मिलती है।
- इस दिन सूर्य की ओर मुख करके सूर्य स्तुति करने से त्वचा रोग आदि नष्ट हो जाते हैं और नेत्र की ज्योति बढ़ती है।

सूर्य और चन्द्र प्रत्यक्ष देव माने जाते हैं। अन्य देवता अदृश्य रूप से पृथ्वी और स्वर्ग में विचरण करते हैं, परंतु सूर्य को साक्षात देखा जा सकता है।

इस पृथ्वी पर सूर्य जीवन का सबसे बड़ा कारण है। प्राचीनकाल से ही कई सभ्यताओं तथा धर्मों में सूर्य को वंदनीय व देवता माना जाता रहा है।



सूर्य की रोग शमन शक्ति का उल्लेख वेदों, पुराणों और योगशास्त्र आदि में विस्तार से किया गया है। आरोग्यकारक शरीर को प्राप्त करने के लिए अथवा शरीर को निरोग रखने के लिए सूर्य सप्तमी अथवा भानु सप्तमी के दिन सूर्य की उपासना के अनेकानेक कृत्य कई प्रयोजनों एवं प्रकारों से किए जाते हैं। इस कारण माघ शुक्ल पक्ष की सप्तमी को अर्क, अचला सप्तमी, सूर्यरथ सप्तमी, आरोग्य सप्तमी और भानु सप्तमी आदि के विभिन्न नामों से जाना जाता है। इस दिन जो भी व्यक्ति सूर्यदेव की उपासना करता है, वह सदा निरोगी रहता है।

माघ मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी के दिन प्रातः सूर्योदय से पूर्व किसी पवित्र नदी अथवा जलाशय में स्नान करके सूर्य को दीपदान करना उत्तम फलदायी माना गया है। प्रातःकाल किसी अन्य के जलाशय में स्नान करने से पूर्व स्नान किया जाए तो यह बड़ा ही पुण्यदायी होता है।

माहेश्वरी समाज जयपुर के पूर्वजों ने उपरोक्त सब कारणों को मध्य नज़र रखते हुए इसकी स्थापना का सबसे पवित्र माघ मास के शुक्लपक्ष की सप्तमी को शुभ स्थापना का बीज बोया जो कि कालांतर में आज वटवृक्ष का रूप धारण करके समाज संविधान की भिन्न-भिन्न लोकतांत्रिक शाखाओं से लगातार सेवा कर रहा है।

इस वटवृक्ष के सेवा प्रकल्पों को पूरा करने में चिरकाल से समाज के समर्पित स्वयंसेवक-कार्यकर्ताओं, दानदाता भामाशाहों ने अनेक अशेष तन मन धन से समर्पण किया है सींचा है।

इस स्थापना दिवस के पावन पर्व पर माहेश्वरी समाज जयपुर द्वारा स्वजातीय प्रतिभाओं को भिन्न भिन्न क्षेत्र में जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य चिकित्सा, खेलकूद, राजनीति, प्रशासनिक सेवारत, गैर प्रशासनिक उद्यम, राजकीय व केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्मानित व्यक्ति विशेष सेवा प्रदाता को मेरिट व रैंक लाने पर प्रत्येक स्थापना दिवस सूर्य सप्तमी पर वार्षिक समारोह में सम्मानित व प्रोत्साहित किया जाता है।

यह प्राचीन परम्परा बखूबी निरंतर निभाई जा रही हैं। इसी कड़ी में गौरवशाली वर्ष सन 2025 के सौवें प्रतिभा सम्मान प्रोत्साहन वार्षिक समारोह दिनांक 4 फरवरी 2025 मंगलवार को जनोपयोगी भवन "उत्सव" विद्याधर नगर में सायंकाल 6 बजे मनाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में सभी समाज सुधि जन महिला, पुरुष व बच्चे अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होकर गौरवान्वित हों तथा इस गौरव पूर्ण शतकीय वर्ष में समाज के सम्मानित होने जा रहे प्रतिभाशाली गणमान्य लोगों को प्रोत्साहित करें।

आशा है इस भव्य आयोजन में आप सब अपनी गरिमा मय उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

▣ कुमार जयन्त बाहेती




'दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव दी माहेश्वरी समाज' (सोसायटी), जयपुर ( ईसीएमएस) के तत्वाधान में अपनी शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर दिनांक 1 और 2 फरवरी 2025 को जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में भव्य 'कहानी महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में आप सभी सादर आमंत्रित है

1. आप के परिवार में कोई बाल लेखक (Child Author), जिसकी कोई किताब प्रकाशित हुई हो उस का हम कार्यक्रम में सम्मान करेंगे।
2. आप के परिवार में कोई ऐसा कहानीकार या अदभुत प्रतिभा का धनी है, जो 10 वर्ष के बच्चों लिये महोत्सव में अपनी प्रतिभा दिखा सके तो संपर्क करे।
3. समस्त जानकारी के साथ 27.01.2025 तक 9799582840 पर संपर्क करे।

# MPS SANSKRITI WONDERLAND - WINTER CARNIVAL









**Bagru-Banipark-Jagatpura-Kalwar Road-Tilak Nagar**

ECMS द्वारा संचालित संस्कृति की सभी 5 शाखाओं का कार्निवल " संस्कृति वंडरलैंड " का आयोजन दिनांक 29.12.2024 को किया गया। जिसकी थीम " जगंल सफारी " रखी गई।
इस कार्निवल में लगभग 3000 बच्चों व अभिभावकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्निवल के स्टेज शो में शिनाया बिहानी (7 वर्ष) द्वारा हुल्ला हुप डॉस का बेहतरीन प्रदर्शन, दक्ष माहेश्वरी (13 वर्ष) द्वारा बांसुरी वादन का अदभुत प्रदर्शन तथा युवान माहेश्वरी (11 वर्ष) द्वारा शानदार नृत्य का प्रदर्शन किया गया।
कार्निवल के अवसर पर अतिथि रूप में श्री सूर्यप्रकाश जी व श्रीमति अनिता लाहोटी, श्री सचिन जी एवं श्रीमति शीनू झँवर, श्री सुनील जी व श्रीमति सीमा मूँदड़ा, श्री शिव शंकर जी व श्रीमति गौरी कोठारी व श्री सुमित जी व श्रीमति नम्रता सोमानी ने शिरकत की।
कार्निवल में विभिन्न केटगरीज में पुरस्कार वितरण भी किया गया,जिसके निर्णायक मण्डल में, श्रीमति मीनाक्षी काबरा, श्रीमति चंद्रिका परवाल, श्रीमति सोनाली कालानी, श्रीमति स्वाति तोतला, श्रीमति सीमा परवाल, श्रीमति मंजू जाजू, श्रीमति माधुरी माहेश्वरी, श्रीमति अंबिका चितलॉगिया, श्रीमति पूनम करवा रहे।



# mps Sanskriti®

Pre Primary School

*Learning - Values - Creativity*

# ADMISSIONS OPEN

FOR SESSION 2025-2026

## FOR NURSERY, KG, PREP

MINIMUM AGE CRITERION AS ON 01.04.2025

For Nursery- 3+, KG-4+, Prep-5+ Years



**BAGRU**
MPS, Ajmer Road,Riico
Phase-II, Bagru (Ext.)
Ph. No.:01412983705
Email: mpsbagru@gmail.com
Website : www.mpsajmerroad.com



**BANIPARK**
C1/1, Sawai Jai Singh
Highway Road, Banipark
Phone No.:7414020004
Email: mpssanskritibp@gmail.com
Website : www.mpssanskriti.com



**JAGATPURA**
Plot No. 116-117,
Lajpat Nagar, 7 No. Bus Stand,
Jagatpura, Jaipur-302017
Ph. : 9509980048, 9024915297
Email: mpssanskritijp@gmail.com
Website: www.mpssanskritijp.com



**KALWAR ROAD**
MPS, Nr. Sushant City,
Kalwar Road, Jaipur-302012
Ph.: 7412949000, 7410968000
Email: mpskrjaipur@gmail.com
Website: www.mpskalwarroad.com



**TILAK NAGAR**
MPS, Vijay Path,
Tilak Nagar, Jaipur-302004
Phone. No.:9116938333
Email: mpssanskrititn@gmail.com
Website : www.mpssanskrititn.com






**JAWAHAR NAGAR**
MPS, Sector-4,
Jawahar Nagar, Jaipur
Ph. :01412651854, 9983515040
Website : www.mpsjaipur.com



**PRATAP NAGAR**
MPS, Sector-5 (Extn.)
Pratap Nagar, Jaipur
Ph.: 9116929333, 9116738408
Email: mpspnjpr@mpspnjpr.com
Website : www.mpspnjpr.com



**VIDYADHAR NAGAR**
**(only for girls)**
MGPS, Sector-1,
Vidyadhar Nagar, Jaipur
Ph. : 01412236571, 2236588
Website : www.mgps.in





ACADEMIC CREDENTIALS, RULES & REGULATIONS AND REGISTRATION FORM ARE AVAILABLE ON RESPECTIVE SCHOOL'S WEBSITE. FOR RTE SEATS:- STATE GOVERNMENT GUIDELINES WILL BE FOLLOWED.

# 'बसंत पंचमी-सरस्वती पूजा :
# ज्ञान, कला और उल्लास का पर्व'



*या देवी सर्वभूतेषु बुद्धि-रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥*

बसंत पंचमी पर्व हिंदू पंचांग के माघ माह शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को आता है। इस बार बसंत पंचमी (सरस्वती पूजा) 2025 में 2 फरवरी, रविवार को मनाई जाएगी।

इस दिन को ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना करके मनाया जाता है।

बसंत पंचमी को श्री पंचमी भी कहा जाता है। सुख, समृद्धि और सौभाग्य का शुभ दिन है।

बसंत पंचमी को ऋतुराज बसंत के स्वागत का पर्व भी कहा जाता है, जब प्रकृति नए रंगों और खुशियों से भर जाती है और यह वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है।

वसंत पंचमी के दिन पीले कपड़े पहनने का विशेष महत्त्व है।

## बसंत पंचमी का महत्त्व

बसंत पंचमी का विशेष महत्त्व ज्ञान, विद्या और कला के लिए है। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था। मां सरस्वती को ज्ञान, संगीत और कला की देवी माना जाता है। छात्र, संगीतकार, कलाकार और लेखक विशेष रूप से इस दिन मां सरस्वती की आराधना करते हैं ताकि उन्हें अपनी पढ़ाई और कार्यों में सफलता मिल सके।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस शुभ तिथि में माता सरस्वती का अवतरण हुआ था। उपनिषदों की कथा के अनुसार, सृष्टि की शुरुआत के प्रारंभिक काल में चारों और मौन छाया रहता था। तब ब्रह्माजी ने इस समस्या से निवारण के लिए भगवान विष्णु की स्तुति की। ब्रह्माजी की स्तुति से तुरंत भगवान विष्णु आ गए और उन्होंने अपनी समस्या के बारे में अवगत कराया। इसके बाद भगवान विष्णु ने आदिशक्ति दुर्गा माता का आह्वान किया। विष्णुजी के आह्वान से माता दुर्गा प्रगट हो गईं। इसके बाद ब्रह्माजी और विष्णुजी ने सृष्टि में चारों और छाए मौन को दूर करने के लिए निवेदन किया। इसके बाद आदिशक्ति दुर्गा माता के शरीर से श्वेत रंग का तेज उत्पन्न हुआ, जो एक दिव्य नारी के रूप में बदल गया।

इस चतुर्भुजी देवी के एक हाथ में वीणा, दूसरा हाथ वर मुद्रा में था। अन्य दो हाथों में पुस्तक और माला थी। इसके बाद दिव्य देवी ने वीणा का मधुरनाद किया जिससे संसार के समस्त जीव-जन्तुओं को वाणी प्राप्त हो गई। जलधारा में कोलाहल व्याप्त हो गया। पवन चलने से सरसराहट होने लगी। तब सभी देवताओं ने शब्द और रस का संचार कर देने वाली उन देवी को वाणी की अधिष्ठात्री देवी 'सरस्वती' कहा। फिर भगवती दुर्गा ने ब्रह्माजी से कहा कि मेरे तेज से उत्पन्न हुई ये देवी सरस्वती आपकी पत्नी बनेंगी, जैसे लक्ष्मी श्रीविष्णु की शक्ति हैं, पार्वती महादेव शिव की शक्ति हैं उसी प्रकार ये सरस्वती देवी ही आपकी शक्ति होंगी। ऐसा कह कर आदिशक्ति श्री दुर्गा सब देवताओं के देखते-देखते वहीं अंतर्धान हो गईं। इसके बाद सभी देवता सृष्टि के संचालन में संलग्न हो गए।

## बसंत पंचमी पूजा विधि

बसंत पंचमी के दिन प्रात:काल स्नान करके पीले वस्त्र धारण किए जाते हैं। पूजा स्थल को पीले फूलों और धूप-दीप से सजाया जाता है। मां सरस्वती की मूर्ति या चित्र को साफ स्थान पर स्थापित कर, उनके चरणों में पवित्र जल, पीले फूल, अक्षत (चावल), हल्दी, और पीले वस्त्र अर्पित किए जाते हैं। प्रसाद के रूप में खीर या पीली मिठाई का भोग लगाया जाता है। सरस्वती वंदना और मंत्रों का उच्चारण कर मां से विद्या और बुद्धि का आशीर्वाद मांगा जाता है।

छात्र इस दिन अपनी पढ़ाई से जुड़ी पुस्तकों और पेन को मां सरस्वती के चरणों में रखते हैं ताकि उन्हें ज्ञान और सफलता प्राप्त हो।

संगीत प्रेमी अपने वाद्ययंत्रों की पूजा करते हैं।

बच्चों को अक्षर लेखन का संस्कार (विद्या आरंभ) इसी दिन करवाना शुभ माना जाता है।

प्राचीन अखंड भारत में पूरे साल को जिन छह मौसमों में बांटा जाता था, उनमें वसंत लोगों का सबसे मनचाहा मौसम है। वसंत पंचमी के पर्व से ही बसंत ऋतु का प्रारंभ होता है।

प्राचीन समय से बसंत पंचमी को प्रकृति के उल्लास और सौंदर्य के पर्व के रूप में भी देखा गया है। इस समय पेड़-पौधे नई पत्तियों और फूलों से सज जाते हैं, और खेतों में सरसों के पीले फूल लहराते हैं, जो इस पर्व की विशेषता बन जाते हैं।

भगवान कृष्ण ने भी श्रीमद्भगवद्गीता में कहा कि 'ऋतूनां कुसुमाकरः' अर्थात मैं ऋतुओं में वसंत हूं।

पौराणिक मान्यता के अनुसार, वसंत पंचमी के दिन कामदेव और रति ने पहली बार मानव हृदय में प्रेम और आकर्षण का संचार किया था।

वसंत ऋतु का स्वागत करने के लिए माघ महीने के पांचवें दिन एक बड़ा जश्न मनाया जाता था, जिसमें विष्णु और कामदेव की पूजा होती है। ये मदनोत्सव त्यौहार कहलाता था।

वसंत पंचमी की तिथि को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, जिसमें कोई भी आप शुभ कार्य करते हैं तो उसमें मुहूर्त का विचार नहीं किया जाता। यह दिन सभी शुभ कार्य जैसे गृह प्रवेश, विवाह, विद्यारंभ, नया व्यापार-उद्योग, कारोबार, व्यवसाय प्रतिष्ठान शुरू करने के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

बसंत का यह सुंदर पर्व आपके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

माँ सरस्वती का आशीर्वाद आपके जीवन को ज्ञान और खुशियों से भर दे।

■ कुमार जयन्त बाहेती

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
का
# नवीन प्रकल्प



Anandam
जनोपयोगी भवन

**बी-173-174,**
**जगदम्बा नगर,**
**वैशाली नगर, जयपुर**

## भवन का लोकार्पण अतिशीघ्र प्रस्तावित

## विशेष सूचना

**सदस्यता :** ‘आनन्दम्’ श्री माहेश्वरी समाज, जनोपयोगी भवन, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर के निर्माण का कार्य अन्तिम चरण में है। समाजबंधुओं के लिए इसकी सदस्यता खोली जा रही है। दानदाता सदस्यों की श्रेणी एवं विवरण निम्नानुसार है:

| क्रस | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| (i) | आजीवन सदस्य | 11 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि |
| (ii) | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख रु. या उससे अधिक एवं 11 लाख रु. से कम |
| (iii) | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख रु. या उससे अधिक व 5 लाख रु. से कम |
| (iv) | प्रमुख सदस्य | 1 लाख रु. या उससे अधिक व 3 लाख रु. से कम |
| (v) | साधारण सदस्य | 11,000 रु. या उससे अधिक व 1 लाख रु. से कम |

उपरोक्त श्रेणियों में सदस्यता प्राप्त करने हेतु इच्छुक समाजबन्धु आवेदन पत्र समाज कार्यालय से प्राप्त कर सदस्यता राशि **श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर** के नाम से चैक या सीधे बैंक खाता संख्या **211100000000501**, IFSC Code : AUBL0002449 में जमा करवाकर संबंधित सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री

**संजय माहेश्वरी**
उपाध्यक्ष (समाज)

**पवन बजाज**
उपाध्यक्ष (अर्थ)

**सुशील जाजू**
कोषाध्यक्ष (समाज)

**रविन्द्र झंवर**
अर्थमंत्री

**श्याम लाल मालपानी**
भवन मंत्री (समाज)

### भवन निर्माण समिति

**विष्णु लढ्ढा** (वैशाली नगर)
चेयरमैन (निर्माण)

**राधेश्याम काबरा**
चेयरमैन (वित्त)

**हरीश मालू**
सचिव (निर्माण)

**हरीश भराड़िया**
सचिव (वित्त)

**विकास मोहता** (चित्रकूट)
समन्वयक (भवन)

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर



## 100वाँ वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

## 'सूर्य सप्तमी'

**मंगलवार, 4 फरवरी 2025**
**सायं 6.00 बजे से**

**स्थान : समाज जनोपयोगी भवन 'उत्सव', पी-10, सेक्टर-2, विद्याधर नगर, जयपुर**

**आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।**

विनीत

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री

**संजय माहेश्वरी**
उपाध्यक्ष (समाज)

**पवन बजाज**
उपाध्यक्ष (वित्त)

**बृजमोहन बाहेती**
संयुक्त मंत्री

**संदीप कचोलिया**
संयुक्त मंत्री

**रविन्द्र झंवर**
अर्थमंत्री

**सुशील जाजू**
कोषाध्यक्ष

**विमल किशोर सारडा**
संगठन मंत्री

**अरुण बाहेती**
प्रचार मंत्री

**अमित कुमार लढ्ढ़ा**
सांस्कृतिक मंत्री

**ज्योति तोतला**
अध्यक्ष

**अल्पना सारडा**
सचिव

श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

**अभिषेक मांधना**
अध्यक्ष

**अखिल भाला**
सचिव

श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

## प्रतिभा सम्मान के मापदण्ड

**समाज के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं, युवक-युवतियों, बन्धुओं एवं महिलाओं को [ जो निम्नलिखित मापदण्डों (Criteria) को पूरा करते हैं ] सम्मानित किया जायेगा। प्रतिभा सम्मान हेतु श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के जिन बन्धुओं द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2024 में निम्नानुसार योग्यता अर्जित की है, वही पात्र हैं। प्रतिभा सम्मान हेतु निम्नलिखित मापदण्ड (Criteria) हैं:**

**(1) शिक्षा के क्षेत्र में :**

(i) सीनियर सैकेण्डरी/सैकेण्डरी की परीक्षा में 97 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त किये गये हों।

(ii) भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा यूजीसी द्वारा जारी रैंकिंग में प्रथम बीस महाविद्यालयों से स्नातक (B.Tech/MBBS सहित) एवं स्नातकोत्तर (MBA/M.Tech सहित) की परीक्षा में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय द्वारा जारी योग्यता सूची में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त किया गया हो।

(iii) सी.ए/सी.एस./सी.एम.ए. के इन्स्टीट्यूट द्वारा जारी की गई योग्यता सूची में नाम हो।

(iv) भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त विश्वविद्यालय से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (Ph.D.)/डी.लिट/एम.डी/एम.एस. की उपाधि/योग्यता प्राप्त की हो।

**(2) खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में:**

शिक्षा विभाग/खेलकूद परिषद् द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर खेलकूद/सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में वैयक्तिक रूप से प्रथम/द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया हो (जिला, स्थानीय एवं विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता इस सम्मान हेतु पात्र नहीं होंगे)।

**(3) राजकीय सेवा के क्षेत्र में:**

(i) अखिल भारतीय/प्रादेशिक स्तर की प्रशासनिक सेवा अथवा न्यायिक सेवा में चयनित होने पर।

(ii) भारत सरकार/राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय कार्य निष्पादन हेतु सम्मानित किया गया हो।

**(4) राजनीतिक क्षेत्र में:**

(I) लोकसभा/राज्य सभा/विधानसभा/नगर निगम/पंचायत एवं राष्ट्रीय स्तर पर किसी संस्था में किसी पद पर चुने जाने पर।

**नोट:** (i) मैंटल अर्थमेटिक/अबेकस/यूसीमास एवं समकक्ष प्रतियोगिता में चयनित प्रतियोगी तथा औद्योगिक संघ/व्यापारिक संगठन/धार्मिक-रचनात्मक संगठन/क्लब्स आदि द्वारा चयनित एवं निर्वाचित प्रतिनिधि प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए पात्र नहीं होंगे। (ii) कॉलेज स्तर पर योग्यता सूची में नाम आने पर पात्रता नहीं होगी। (iii) चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा। (iv) चयन सम्बन्धित आपत्ति पर 27 जनवरी, 2025 के पश्चात् कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

☛ उपरोक्त आधार पर पात्र बन्धुओं से अनुरोध है कि सम्मान हेतु संलग्न आवेदन फॉर्म भरकर श्री माहेश्वरी समाज के प्रशासनिक कार्यालय: समाज परिसर, तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-302004 में 27 जनवरी, 2025 को सायं 6 बजे तक पहुँचाने का श्रम करें। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जा सकेगा। समाज द्वारा सम्मान हेतु चयनित किए गये बंधुओं को समय पर सूचित कर दिया जायेगा। फॉर्म की फोटोस्टेट कॉपी भी उपयोग में ली जा सकती है।

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

फोन : 0141-2621644
0141-2621100
0141-2623500

प्रशासनिक कार्यालय : समाज परिसर, तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-302004

Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com

Website : maheshwarisamajjaipur.com

## कलेण्डर वर्ष 2024 में विशिष्ट उपलब्धि पर प्रतिभा सम्मान हेतु

मापदण्ड क्रमांक

## आवेदन पत्र

फोटो

नाम ______________________ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ______________________

परिवार के मुखिया का नाम ______________________ जोन ________ चौकड़ी का नाम ________

पता ____________________________________________

____________________________________________

जन्म दिनांक | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y | ______________ मोबाइल नं. ______________

प्रतिभा सम्मान हेतु पात्रता का विवरण:

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

दिनांक ______________ ह. आवेदक ______________

आवेदक का नाम ______________

**नोट :** कृपया संबंधित प्रमाण-पत्र एवं अंकतालिका आदि की स्वयं द्वारा प्रमाणित फोटोकॉपी एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो इस फॉर्म के साथ संलग्न करें। मूल प्रमाण पत्र आदि मांगने पर अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

नाम ______________________ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ______________________

से दिनांक ______________ को प्रतिभा सम्मान हेतु प्रविष्टि पत्र प्राप्त हुआ।

ह. प्राप्तकर्ता

## मुरलीपुरा क्षेत्र में पौषबड़ा महोत्सव



5 जनवरी 2025 को जयपुर शहर के मुरलीपुरा क्षेत्र में श्री माहेश्वरी बंधु परिवार द्वारा त्रयोदशम पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन श्री श्याम वाटिका विवाह स्थल में किया गया जिसमें मुरलीपुरा और आस पास के क्षेत्र के समाज बंधुओ ने उत्साह के साथ सहभाग लिया कार्यक्रम की शुरुआत सांयकाल 5.15 बजे भगवान महेश की आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद प्रतियोगिता से हुई। इस उत्सव में क्षेत्र के सम्मानीय सर्वश्री सुरेश काबरा, घनश्याम कचोलिया, सत्यनारायण तोतला, पूनमचंद झंवर, मंगलचंद तोतला, संदीप जाजू, पवन बजाज (मुरलीपुरा) वैभव धूपड़, महेश दरक, बी.एल. खटोड, दिनेश झंवर, राजेंद्र मालानी, बनवारी खटोड, रमेश अजमेरा, अमिताभ झंवर, शंकरलाल लढ्ढा एवं अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे मंच संचालन श्री अश्वनी जैथलिया ने किया।

इस कार्यक्रम में लगभग एक हज़ार समाज बंधुओं की उपस्तिथि रही। सभी ने पहले पानी पताशी, बाजरा खिचड़ी, पास्ता, टमाटर सूप, आलू टिकिया, दूध-जलेबी जैसी स्टाल्स का आनंद लिया एवं इसके पश्चात् भगवान महेश को भोग लगाकर पौषबड़ा प्रसादी का आनंद उठाया प्रसादी के साथ साथ कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें अनेक समाज बंधुओं ने सहभागिता की इसमें छोटे और बड़े बच्चो के लिए अलग अलग श्रेणी के खेलो का चयन किया गया साथ ही महिलाओं और पुरुषों के खेल एवं कपल गेम भी आयोजित किये गए सभी श्रेणीयों में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार वितरित किये गये कार्यक्रम में लक्की ड्रा भी रखा गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार रखा गया खेल प्रतियोगिता में नवीन मुंदडा, अशोक खटोड़, लक्ष्मीकांत बांगड़, पंकज सारडा, राहुल छापरवाल, उषा खटोड, गिर्राज राठी, नितिन साबू, शुभम काबरा, मनोज कुमार लढ्ढा और अनेक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। अश्वनी जैथलिया ने बताया कार्यक्रम में पहुँचने वाले प्रथम 21 जोड़ों को पुरस्कार दिया गया एवं हाउसी खेल का भी आयोजन किया गया एवं समाज बन्धुओं से झूठा ना छोड़ना की अपील की गई।



## मानसरोवर निवासी माहेश्वरी परिवारों का नववर्ष स्नेह मिलन एवं पौष बड़ा प्रसादी आयोजन संपन्न

मानसरोवर निवासी माहेश्वरी बन्धुओं ने पारस्परिक सौहार्द्र एवं परिचय की अभिवृद्धि के उद्देश्य से नववर्ष स्नेह मिलन एवं पौष बड़ा प्रसादी कार्यक्रम रविवार, 5 जनवरी 2025 को अभिनन्दन भवन में आयोजित किया। एक लम्बे अंतराल (7-8 वर्ष) के बाद समाज बन्धुओं के प्रबल आग्रह पर यह आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के लगभग 150 परिवारों के 450 बन्धुओं ने बड़े आनन्द और उत्साह के साथ सम्मिलित होकर गर्मागर्म पौषबड़े, गाजर का हलवा, पूड़ी और सब्जियों के साथ दोपहर भोजन का आनन्द लिया। समारोह में विशेष आमंत्रित अभिनन्दन भवन चेयरमैन श्री शांति लाल जी जागेटिया ने इस सुंदर आयोजन की प्रशंसा की। आयोजन समिति सदस्य एवं समाज उपाध्यक्ष श्री संजय माहेश्वरी ने बताया कि इस अवसर पर प्रीयूष न्यूरो एवं सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श हेतु कैम्प भी लगाया गया, जिसका माहेश्वरी बन्धुओं द्वारा भरपूर लाभ उठाया गया।

## माहेश्वरी बंधु कालवाड़ रोड का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

माहेश्वरी बंधु कालवाड़ रोड द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन 12 जनवरी 2025 को गोकुल गाँव रिसोर्ट, मांचवा में किया गया।

इसमें कालवाड़ रोड 200 फीट बाईपास से कालवाड़ तक के बंधुओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें करीब 109 परिवारों के 225 लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। इसमें सांस्कृतिक संध्या, पारिवारिक परिचय एवं सभी परिवारों का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया। HOUSIE GAME का आयोजन भी किया गया, उसके बाद सबने भोजन प्रसादी का आनंद लिया। इसमें करीब 28 शेयर होल्डर बनाये गए तथा 5 जनों से अन्य सहयोग लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन वहाँ के बंधुओं ने आपसी तालमेल से किया ।

## निवारू रोड़ पर पोषबड़ा महोत्सव आयोजित



निवारू रोड़ माहेश्वरी परिवारों द्वारा 5 जनवरी, 2025 को संयोजक श्री नन्दकिशोर जाजू के नेतृत्व में एकादश पोषबड़ा का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 160-170 माहेश्वरी परिवारों ने पोषबड़ा प्रसादी का आनंद लिया। महोत्सव के मुख्य अतिथि श्री उमेश जी सोनी एवं श्री शान्ति लाल जी जागेटिया, विशिष्ट अतिथि श्री राजकिशोर जी भाला एवं स्वागत अध्यक्ष श्री मुकेश जी बाहेती (बाहेती ऑप्टिशियन, विद्याधर नगर) के सानिध्य में बच्चों के एकल डांस, मिकी माऊस हाऊजी कार्यक्रम के आनंदित पल, निवारू रोड़ माहेश्वरी परिवारों एवं श्रीमती अंजू फलोड़ द्वारा उपहार वितरण किये गये। स्टॉल प्रायोजक श्री कपिल, श्रवण लाल जी सोमानी, श्री रवि जी पेड़ीवाल एवं श्री रमेश चंद झंवर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष श्री केदार मल भाला, महिला मण्डल अध्यक्षा श्रीमती ज्योति तोतला एवं सचिव श्रीमती अल्पना सारडा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस पौषबड़ा आयोजन में संयोजक सर्वश्री नन्दकिशोर जाजू, राजेश बाहेती, अमित मूंदड़ा, विष्णु तोषनीवाल, बालकृष्ण जाजू, संजय फलोड़, मुकेश बिड़ला, अनिल अजमेरा, कमलेश हुरकट, नरेश जाखोटिया, सुनील काबरा, मुकेश बाहेती, दीपक बियाणी, दीपक कांकाणी, कमलेश काहल्या, श्याम सुन्दर भाला, गौरव राठी, विकास झंवर, अनिल परवाल, कैलाश चन्द जैथलिया, मनीष झंवर, विकास झंवर, कपिल सोमानी, संजय आगीवाल, राजेश काबरा, नवलकिशोर लढ्ढा आदि का विशेष योगदान रहा।

## नये साल से मुलाकात

कल्पना के अंतरिक्ष में बड़ी हसीन पुरवाइयाँ थीं
देखा - आपस में मिल रही दो इकाइयाँ थीं
परिचित और अपरिचित.. दो परछाइयाँ थीं
एक चली गयी.. दूसरी पुलकित सी पास आयी
नहीं - सच तो ये है कि मैं ही...
एक के पास से गुजर कर दूसरी के पास आ गया
वो बोली - प्रमोद - मैं समय का एक हिस्सा हूँ
आज नया - कल पुराना हो जाऊँगा.. वो किस्सा हूँ
में वो हूँ.. जिसे इंसानों ने नाम दिया है - साल 2025 ..
अभी जिस से क्षण भर पहले मिला था.. वो था 2024 ..
कह रहा था - अभी अभी मनुष्य मेरे आगे से गुजर गया..
बड़ी जल्दी में था - मुझे सुने बिना ही निकल गया.. !!
तुम्हारे पास अभी 365 दिन रहेंगे
शायद फिर पुराने अनुभवों को भूल कर
स्वयं को - जाने.. सुने.. बदले बिना ही
नयी नयी आशाओं के बादल से मन को भरेगा
कहना उससे - समय का सच ..
शायद कोई तो इस पर मनन करेगा.. !!
प्रमुदित था मैं - थोड़ा अचम्भित हुआ - पर कहा...
स्वागत है .... नये साल 2025 तुम्हारा
कहो.. समझाओ.. क्या संदेश है तुम्हारा
उसने कहा - एक तो तुम मनुष्यों की भाषा बड़ी अजीब है
जैसे ट्रेन की यात्रा में कहते हो.. फलाँ स्टेशन आ गया.. चला गया
स्टेशन तो वहीं रहता है.. सिर्फ तुम उससे हो कर गुजरते हो
पृथ्वी को.. अपनी सुविधा के लिए.. अलग अलग नामों में
बाँट देते हो.. वो तो फिर भी समझ में आता है
पर समय की शाश्वत धारा को भी.. अलग अलग बाँट देते हो
नया साल - पुराना साल - 2024 - 2025 .... ???
समय के सच को.. जरा ठीक से समझें
तो शायद मनुष्य की सोच और समझ भी कुछ सुधरे
जीवन की यात्रा का रूप भी - सजे सँवरे और कुछ निखरे
जिसे तुम साल कहते हो... वो समय का --
नहीं - सही अर्थों में - तुम्हारी उमर का अनमोल हिस्सा है.. !!
समय के - जीवन के.. पथ पर - साल न आता है, न जाता है
तुम आते हो - गुजरते हो - और चले जाते हो.. !!
मनुष्य - मेरे मित्र .. तुम्हें मेरे साथ रहने का 365 दिनों का अवसर है
और ये अवसर गुजरने से पहले-मुझे सुनो.. समझो
कोई भी साल तुम्हारे जीवन में खुशियाँ और आनंद लेकर नहीं आयेगा
तुम्हें ही अपने जीवन को आनंद से भरना होगा
सोचो.. कितना समय बीत गया
क्षणिक और कल्पित सुखों से.. जीवन को आनंदित करने में
कोई नया संकल्प.. नया प्रयास करो.. जीवन में आनंद को भरने में
इस साल - सिर्फ एक बात मेरी लो मान
करो.. स्वयं के भीतर के जीवन की रसधार से पहचान.. !!
कितने अजीब हो मनुष्य
तिजोरी को नहीं.. उसके भीतर रखे खजाने को आँकते हो
डिब्बे को नहीं.. उसके भीतर रखे जेवर को जाँचते हो ..
पर तुम्हारे भीतर.. क्या अनमोल है.. कभी नहीं झाँकते हो.. !!
देखो चारों ओर है फैली.. कैसी घोर हताशा है
व्यथित मनों में.. थकित तनों में.. आई क्यों ये निराशा है
हैप्पी न्यू इयर कहना ही.. क्या नये साल की परिभाषा है
तुम बदलो तो.. युग बदलेगा - सच्ची मेरी दिलासा है
जीवन में - नव गीत बजे - नव प्रीत सजे.. ये आशा है ..
नये साल में.. कुछ तो नया हो - ये मेरी अभिलाषा है.. !!!!

■ प्रमोद

## स्वयं का अभिन्न मित्र स्वयं

अपने आप से एक सवाल किया कि
मेरा कोई ऐसा अभिन्न मित्र है या रिश्तेदार है या कोई ऐसा व्यक्ति है
जिससे मैं अपनी हर चीज जो मेरे से की गई है
उसको शेयर कर सकता हूँ
बहुत कोशिश की पर मैं ढूंढने में सफल नहीं हो सका
क्योंकि विश्वास नहीं कर पा रहा किसी पर भी कि वह बात को
अपने तक सीमित रख पाएगा।
मुझे आखिर पता चला कि जो मैंने कार्य किया है
वह सिर्फ मेरे या प्रभु के अलावा कोई नहीं जान सकता
खुद को स्वयं से ही बातचीत करनी होती है कि
हम कितने सही हैं या गलत हैं..फिर प्रभु के दरबार में जाकर
उन गलतियों की माफी मांग लेते हैं..पर अपने आपसे
दुबारा वह गलती न करने का वादा नहीं कर पाते
हमारे सारे रिश्ते-नाते हमारी पहचान बनकर और
हम उनकी पहचान बनकर रह रहे हैं
जीवन का एक कटु सत्य है जिसे जानकर भी अनजान बन भटक रहे हैं
उस मृग की तरह कस्तूरी उसके भीतर है और
वह उसे इधर-उधर पाने के लिए उछल कूद कर रहा है
ऐसे ही जीवन में हम खुद के ही खुद घनिष्ठ मित्र हैं और
इधर-उधर तलाश में जुटे हैं..मित्रों के लिए
हमारे जीवन में हमारा स्वयं से स्वयं पर विश्वास और
प्रभु से बड़ा कोई साथी नहीं है...
यही जीवन के दो साथी ऐसे हैं जिस पर हम अंधा विश्वास कर
कैसी भी कुछ भी चर्चा कर सकते हैं...जिसे हम और
प्रभु के अलावा कोई नहीं जान पाएगा....?

■ किशन राठी

### नवदाम्पत्य वर-वधू को आशीर्वाद व मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएँ

| दिनांक | वर | वर के पिता/माता | वधू | वधू के पिता/माता |
|---|---|---|---|---|
| 16.12.2024 | अक्षत | श्री अजय जी | राधिका | श्री राजेन्द्र मालपानी |
| 24.12.2024 | श्रेय | श्री राजेश माहेश्वरी | श्रद्धा | श्री अंकुश जी |
| 28.12.2024 | रिजुल | श्रीमती ज्ञान जी | रूपिका | श्री प्रवीण हुरकट |

### समाज बन्धुओं द्वारा अपने पुत्र-पुत्री के परिणयोत्सव एवं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर समाज को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए आभार

| सहयोगकर्त्ता | सहयोग राशि |
|---|---|
| श्री गिरिराज लढ्ढा | 11,000 |
| श्री प्रवीण हुरकट | 11,000 |
| श्री अशोक कुमार भूतड़ा | 7,100 |
| श्री चन्द्रशेखर मालपानी | 5,100 |
| श्री राजेश माहेश्वरी | 2,100 |
| श्री मुकेश न्याती | 2,100 |



## श्री ज्योति माहेश्वरी की पुस्तक 'पड़ाव-दर-पड़ाव' के ब्रेल लिपि संस्करण का विमोचन



दृष्टि बाधित जनसाधारण की सेवा सहायता में संलग्न संस्था 'उद्भव विजन फाउंडेशन' द्वारा सुप्रसिद्ध सेवाभावी चिंतक, विचारक, कवि, लेखक और श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के संरक्षक श्री ज्योति जी माहेश्वरी द्वारा लिखित प्रेरणादायी पुस्तक 'पड़ाव दर पड़ाव' के ब्रेल लिपि संस्करण का विमोचन 9 जनवरी को विभिन्न विद्वान एवं प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में किया गया। झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित इंस्टीट्यूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज के सभागार में संपन्न हुए विमोचन समारोह में IDS के निदेशक डॉ. विनीश कथूरिया, डॉ. मोतीलाल महामलिक, डॉ. मीता सिंह, प्रोफेसर रमेश अरोड़ा, श्री इकराम राजस्थानी, श्रीमती संगीता गुप्ता, श्री चेतन शर्मा, श्रीमती इंदु माहेश्वरी, समाज उपाध्यक्ष श्री संजय माहेश्वरी, श्री अंकुर चितलांगिया सहित अनेक विशिष्ट जन उपस्थित थे। श्री ज्योति जी माहेश्वरी ने उद्भव विजन फाउंडेशन के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लाभार्थ इस पुस्तक को ब्रेल लिपि में उपलब्ध कराने के अनुपम प्रयास हेतु धन्यवाद दिया।


**श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर**

द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर

**मानव कल्याणार्थ सर्व समाज हेतु**

**महेश बैकुंठ रथ**

**(मोक्ष वाहिनी)**

**की सेवाएँ संचालित हैं।**



सम्पर्क सूत्र

**97859-85000, 99502-69470, 96948-68177**


## महेश सेवा निधि प्रन्यास की चुनाव तिथि घोषित

पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा से प्रेरित पू.राज. महेश सेवा निधि प्रन्यास के द्वितीय सत्र (वर्ष 2025-2028) के चुनाव 2 मार्च, 2025 को होने हैं। इन चुनावों में दिनांक 01 फरवरी, 2025 तक बने हुए सदस्य भाग लेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मालचन्द जी बाहेती होंगे। समाजबंधु प्रन्यास की सदस्यता हेतु फार्म के लिए प्रन्यास के पदाधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं।



## कार्पोरेट गवर्नेंस अक्रॉस बार्डर्स

**(इनसाइट्स फ्रॉम दी यूएस, यूके एंड इंडिया)**



लेखिका

-स्वाति शारदा (लखोटिया)

कारपोरेट प्रशासन किसी भी सफल उद्यम का एक अनिवार्य हिस्सा होता है। इसके नियम, उपनियम, नीतियाँ और प्रक्रियाएँ कारपोरेट प्रशासन की नींव होती हैं, ताकि व्यवसायों को उनके हितधारकों के प्रति उत्तरदायी बनाए रखा जा सके। कारपोरेट गवर्नेंस यानी कंपनी विषय बड़ा महत्वपूर्ण और जटिल है। ऐसे विषय पर पुस्तक का प्रकाशन बहुत ही सराहनीय कहा जाएगा। लेखिका स्वाति शारदा ने ऐसे विषय पर पुस्तक लिखकर साहस का काम किया है। यह पुस्तक है "कारपोरेट गवर्नेंस एक्रास बॉर्डस: इनसाइट्स फ्राम द यूएस. यूके एंड इंडिया" अंग्रेजी में लिखित इस पुस्तक को सत्यम लॉ इंटरनेशनल, नई दिल्ली ने प्रकाशित किया है। लेखिका श्री चन्द्रप्रकाश शारदा की सुपुत्री एवं श्री सुरेन्द्र लखोटिया के सुपुत्र सीए. नमन लखोटिया की जीवन संगिनी हैं।

## 'क्षितिजा' में पश्चिमांचल महिला संगठन ने जीते पुरस्कार



अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा नागपुर में 10 से 12 जनवरी, 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुए कार्यक्रम क्षितिजा में पश्चिमांचल को शालीमार कैटेगरी से नवाजा गया। पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी माहेश्वरी ने जानकारी दी कि 'क्षितिजा' में संपन्न हुई विभिन्न स्पर्धाओं में प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती पूनम दरगड़ को रिपोर्ट प्रस्तुतिकरण में द्वितीय स्थान, श्रीमती सोनिया परवाल को डिबेट में द्वितीय स्थान, त्योहारों पर आधारित नृत्य नाटिको चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। नृत्य नाटिका की परिकल्पना, लेखन, निर्देशन का संपूर्ण कार्य पूर्वोत्तर राज. प्रदेश की अध्यक्षा जयपुर की श्रीमती पूनम दरगड़ ने किया। पश्चिमांचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए जोधपुर, मकराना, कोटा, मालपुरा, जयपुर, किशनगढ़, भीलवाड़ा की 15 बहनों ने नृत्य नाटिका में भाग लिया। जयपुर से नृत्य नाटिका में पूनम जी के अतिरिक्त श्रीमती रजनी माहेश्वरी व श्रीमती निर्मला राठी ने भी अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जयपुर से श्रीमती प्रीति बाहेती, श्रीमती अर्चना काबरा और श्रीमती मधु मोदानी की सहभागिता भी रही।



## शिव भक्तमाल के माणक
## श्री रतन लाल सोमानी

सेठ हरिसिंह सोमानी के सुपुत्र प्रहलाद सोमानी अपने गुड़, शक्कर की मिठास भरे व्यापार की वृद्धि हेतु सर्वप्रथम जयपुर आये और अपने व्यापार का विस्तार करते हुए वंशानुक्रम से बालमुकुंद, श्योबक्श, श्रीनारायण, जगदीश नारायण तक सोमानी परिवार अपने व्यापार द्वारा सामाजिक सेवाएं अर्पित करते हुये मीठा बोल मीठा तोल के सिद्धान्त पर जीवन जीते रहे।

श्री जगदीश नारायण सोमानी के दो पुत्र गोविन्द नारायण एवं सूरज नारायण हुयें। गोविन्द नारायण सोमानी (बब्बू जी सेठ) ने अपने पारिवारिक व्यापार के कार्य में इतना ध्यान नहीं दिया। कानपुर, मेरठ, सहारनपुर क्षेत्रों से व्यापारिक गतिविधियों का संचालन उनके मुनीम या अन्य नुमायदे करते थे। व्यापार से अर्जित आय का अधिकांश भाग साधु संतों की सेवा में खर्च कर दिया जाता था। बब्बू जी सेठ सदा शिवभक्ति में तल्लीन रहते। बब्बू जी सेठ को गोविन्द बाबा गुरु रूप में मिले, जिनके आशीर्वाद से जयपुर में श्री झाड़खण्ड नाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर का निर्माण सन् 1918 ई. में कराया। यह ज्योतिर्लिंग स्वयंभू लिंग है। शिव सेवा में समर्पित बब्बू जी सेठ अपने घर परिवार की ओर बिना कोई ध्यान रखे श्री झाड़खण्ड महादेव की सेवा पूजा में जीवन व्यतीत किया और विक्रम सम्वत् 1998 की गंगा दशमी को गौलोकवासी हो गये।

बब्बू जी सेठ के दो पुत्रों में बड़े पुत्र रतन लाल सोमानी ने अपने पिताश्री के आचरण का अनुशरण किया। छोटे पुत्र नन्द किशोर सोमानी ने अपने परिवार पालन में धर्मनिष्ठा एवं सामाजिक सहभागिता के आचरण का पालन कर रहे हैं। रतन लाल सोमानी का जन्म दिनांक 28.10.1928 को हुआ। चौदह वर्ष की आयु में इनका विवाह सेठ विजय नारायण मालपानी की पुत्री सूरज देवी के साथ हुआ। इनके तीन पुत्र क्रमशः ओमप्रकाश, जयप्रकाश और श्रीप्रकाश एवं दो पुत्रियां स्नेहलता एवं आशा हुई। अपने पिता के सानिध्य में रहकर इनका आकर्षण श्री झाड़खण्ड महादेव स्थान के प्रति होने पर इन्होंने 30.5.1941 ई. से ही सेवा कार्य प्रारम्भ कर दिया। पिताजी के स्वर्गवास पश्चात् अपने जीविकोपार्जन हेतु चांदी एवं सूती वस्त्र का व्यापार भी किया। इन्होंने माहेश्वरी समाज की कार्यकारिणी में सक्रिय सदस्य की भूमिका अदा की। रतन लाल जी 1987 ई. से स्थाई रूप से श्री झाडखण्ड महादेव मंदिर में पूर्णकालिक सेवाभावी हो गये। अपने कनिष्ठ पुत्र श्री प्रकाश के गुरु श्री रामकिशार कौशिक से आपका सानिध्य होने पर श्री कौशिक के परामर्श से रतनलाल सोमानी की सेवा भक्ति का विस्तार होता गया।

इनके अथक प्रयास से श्री झाड़खण्ड नाथ महादेव मंदिर का स्वरूप गुलाबी नगर जयपुर के शिवालयों से भिन्न दक्षिण भारतीय द्रविड़ शैली के स्वरूप को उत्तर भारत में सुविदित कर दिया। शिवपूजा में सदैव सहभागी रहने वाली शक्तिस्वरूपा सूरज देवी अपने पूर्व पुण्य प्रताप के फल से दिनांक 5.2.1998 ई. को गौलोकगमन कर गई।

रतनलाल सोमानी का एक स्वप्न मंदिर परिसर में अधूरा रह गया है यद्यपि विशाल नंदी का निर्माण कार्य तो पूर्ण हो गया, लेकिन उसका कुंभा अभिषेक पुण्य अर्जित नहीं कर सकें। दिनांक 8.5.2012 को श्री झाड़खण्ड महादेव ने महाकालेश्वर रूप प्रकट कर रतनलाल सोमानी को अपने अंक में समाहित कर लिया।


श्री गणेशाय नमः श्री श्याम देवाय नमः श्री महेश्वराय नमः श्री पितृ देवाय नमः

# जन्म शताब्दी महोत्सव

100th जन्म शताब्दी महोत्सव

## स्व. सेठ श्री नन्दकिशोर जी लद्ढा

(पुत्र स्व. सेठ श्री सोहनलाल जी लद्ढा)

**बसन्त पंचमी**

**2 फरवरी 2025 रविवार**

**हार्दिक शुभकामनाएँ**



मुख्य आयोजनकर्ता



**श्री कृष्ण लद्ढा**

(मिलिट्री इन्जीनियर सर्विस MES रिटायर्ड)

सुपुत्र स्व. सेठ श्री नन्दकिशोर जी लद्ढा

एवं समस्त लद्ढा परिवार

निवास- लद्ढा भवन, 2391, कांवटियों का खुर्रा, रामगंज बाजार, जयपुर (राज.)

फोन नं. 9119105698

## हमें आप पर गर्व है! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**पंकज बागड़ी** सुपुत्र श्रीमती गायत्री देवी-श्री राधेश्याम बागड़ी को सीए परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण करने पर।



**चेतन बाहेती** सुपुत्र श्रीमती रेखा-श्री निर्मल बाहेती को सीए परीक्षा 52.17% के साथ उत्तीर्ण करने पर।



**हर्षिता सोमानी** सुपुत्री श्रीमती रेखा-श्री अशोक कुमार सोमानी को सीए परीक्षा 56.67% के साथ उत्तीर्ण करने पर।



**अवंतिका बजाज** सुपुत्री श्रीमती नमिता-श्री पवन बजाज को सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**अदिति सारडा** सुपुत्री श्रीमती मीना-श्री विजय सारडा (रेनवाल) को सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**हार्दिक** सुपुत्र श्रीमती रश्मि-नितिन पचीसिया को वाराणसी में आयोजित इंटरनेशनल गोजु-रियो कराटे चैंपियनशिप में 2 गोल्ड मेडल प्राप्त होने पर।



**सीए मनु सारड़ा** सुपुत्र श्रीमती सुलभा-सीए श्री नटवर सारडा को CAT 2024 परीक्षा में 99.99 पर्सेंटाइल के साथ शीर्ष 50 AIR रैंक हासिल करने पर।



**टीना माहेश्वरी** धर्मपत्नी श्री रणजीत तोतला को Mrs. India Glam Rajasthan 2025 बनने पर।



**अक्षरा परवाल** सुपुत्री श्रीमती वंदना-श्री संजय परवाल को सीएमए फाउण्डेशन परीक्षा में जयपुर में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर।



**आदित्य माहेश्वरी** सुपुत्र श्रीमती ममता-श्री पवन जाखोटिया को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर से LLB (Hons.) उत्तीर्ण करने पर।



**तनिष्क** सुपुत्र श्रीमती रूबी-रोहित राठी को जिला कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त करने पर। तनिकष्क का चयन राज्य कराटे स्पर्द्धा के लिए भी हुआ है।



**कृति माहेश्वरी** सुपुत्री डॉ. अल्का-डॉ. आलोक माहेश्वरी को इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया, नई दिल्ली से सर्वश्रेष्ठ थीसिस राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 से सम्मानित होने पर।

## पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा की बैठक सम्पन्न

दिनांक 29 दिसम्बर 2024 रविवार को जयपुर के एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में प्रदेश सभा की पंचम कार्यसमिति एवं द्वितीय कार्यकारी मण्डल की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें गत 25 फरवरी 2024 को सम्पन्न हुए वैवाहिक परिचय सम्मेलन और गत 29 सितम्बर 2024 को सम्पन्न मिशन आईएएस 100 के सूत्रधार सर्वश्री सत्यनारायण कर्वा, मधुसूदन बिहानी, कैलाश सोनी का स्वागत किया गया और दोनों कार्यक्रमों के समर्पित कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया गया।

बांगड़ मेडिकल की योजना 'कैंसर रोकथाम (महिला) टीकाकरण के लिए बाल संस्कार समिति की सदस्या श्रीमती उमा परवाल को संयोजक नियुक्त किया गया। श्री निरंजन राठी को सामाजिक व आर्थिक सर्प्रवेक्षण का प्रदेश एडमिन पुन: बनाया गया।




## चलो चलें महाकुंभ

अगणित खुशियों से निहित
बारह साल के बाद
लगता है महाकुंभ का मेला
उत्तरायण का सूरज
मकर राशि में अलबेला।

देवता दानव युद्ध में
समुद्र मंथन के समय
अमृत की चार बूँदे गिरीं
वह धरा हुई पावन
प्रयागराज हरिद्वार
उज्जैन नासिक
पावन नगरी में ही
होता है आयोजन।

श्रद्धालुओं की लगती भीड़ अपार
ऋषि मुनि नागा साधु संतों के दर्शन से
सनातन परंपराओं का होता सत्कार
दान-पुण्य से बनते शुभ कर्म
सर्वोत्कृष्ट है वैदिक हिंदू धर्म।

स्नेह सौहार्द एकता सद्भाव
श्रद्धा ऊर्जा स्फूर्ति उल्लास से पूर्ण
अभ्युदय होता संस्कारों का
अद्भुत संस्कृति चहुं ओर सजती
मोहक छटा बिखेरती प्रकृति।

डुबकी लगाकर करते सरिता स्नान
लोक आस्था स्नेह समागम की पहचान
वेद धर्मशास्त्र योग यज्ञ की भूमि है भारत
विश्वभर के सनातनी बंधुओं का
होता यहां भरपूर स्वागत।

भक्तों के मनोरथ होते पूरे
नश्वर यह काया सुधरे
चलो चलें महाकुंभ प्रयागराज में
स्नेह भाईचारे के संग
उत्सवधर्मिता परस्पर समरसता
महाकुंभ गहन संदेश यही देता।

आत्मा से परमात्मा का
आध्यात्मिक है यह सफर
उच्च कोटि के भाव होते जागृत
यही सिखाता महाकुंभ का अवसर।

**-मधु भूतड़ा 'अक्षरा'**

## माहेश्वरी इंटरनेशनल मैरिज ब्यूरो जयपुर
# एक दिवसीय परिचय सम्मेलन सोत्साह सम्पन्न



माहेश्वरी इंटरनेशनल मैरिज ब्यूरो (MIMB) जयपुर द्वारा आयोजित एक दिवसीय परिचय सम्मेलन दिनांक 22 दिसंबर, 2024 को प्रत्याशी एवं अभिभावकों की आशातीत सहभागिता से सोत्साह सम्पन्न हुआ।

इस परिचय सम्मेलन में मुंबई, फरीदाबाद (हरियाणा), अबोहर (पंजाब), अजमेर, भीलवाड़ा, केकड़ी, कोटा, बूंदी, नागौर बीकानेर एवं जयपुर से पधारे 40 युवक प्रत्याशी, 12 युवती प्रत्याशी एवं अनेक अभिभावकों ने परिचय दिया। इस परिचय सम्मेलन हेतु 207 पंजीयन हुए थे और 200 से अधिक समाजजनों की सहभागिता रही। प्रत्याशियों को आनलाइन परिचय की सुविधा भी प्रदान की गयी।

इस परिचय सम्मेलन के प्रायोजक अतिथि श्री ओमप्रकाश जी मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाज उपाध्यक्ष एवं मैरिज ब्यूरो चेयरमैन श्री संजय माहेश्वरी ने सम्मेलन की अध्यक्षता की और आयोजन में सम्मिलित हुए युवक व युवती प्रत्याशियों का परिचय ओपन सैशन में कराया।

कार्यक्रम का संचालन ब्यूरो के मुख्य समन्वयक श्री बृजेश लढ्ढा एवं कार्यालय समन्वयक श्री घनश्याम भंडारी ने किया। मैरिज ब्यूरो के सभी समन्वयक, संयोजक, सहसंयोजक एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्ण सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में वस्त्रम (साड़ी वितरण)



पूर्वोत्तर राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन ने संक्रांति के पावन त्यौहार के उपलक्ष में वस्त्रम नाम से चल रहे राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के अंतर्गत संकल्प सिद्ध ग्राम विकास समिति द्वारा हमने साड़ी वितरण का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम संयोजक श्रीमती स्नेहलता साबू ने बताया कि आज विद्याधर नगर सेक्टर 1 दुर्गा मंदिर में 200 महिलाओं को तिल के लड्डू साड़ी और फूड पैकेट वितरित किए और पूर्वोत्तर राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती पूनम दरगड़ का विशेष सहयोग रहा। सचिव श्रीमती सुनीता जेथलिया व कार्यक्रम संयोजक श्रीमती राजेश्वरी परवल ने जिला संरक्षक श्रीमती उमाजी परवाल का माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सर्वश्रीमती इंदिरा अजमेरा, निर्मला राठी, शशि लखोटिया, मधु मोदानी, सुनीता कचोलिया, मंजू मंत्री, संतोष बजाज, अलका खटोड़, मधु आगीवाल, रेनू आगीवाल, सोनू जाखोटिया, रितु राठी, अंजू राठी, राजोल तापड़िया सहित सभी ने अपनी उपस्थिति देकर सबको साड़ियां वितरीत करी और सबको फूड पैकेट दिए। संकल्प सिद्ध ग्राम विकास समिति की संयोजक श्रीमती संगीता मोदानी ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कृष्णधाम वृद्धाश्रम

| दानदाताओं द्वारा सहयोग राशि : | लागत (₹) |
|---|---|
| 1. **संरक्षक Er. ज्योति कुमार जी माहेश्वरी**, लगातार तीसरे वर्ष भी (नियमित मासिक सहयोग) बाबत दूध, नगद : | 25,000 |
| 2. **सारडा जी** (जयपुर) गुप्तदान : (नियमित मासिक सहयोग) तेल- 2 टीन, घी- 1 टिन | 14,000 |
| 3. **मै. गणगौर बेसन ( आशीष जी मंत्री )** विविध राशन, (नियमित मासिक सहयोग) | 6,100 |
| 4. **श्री संजय जी-श्रीमती ऋतु जी मारू**, (नियमित मासिक सहयोग) बाबत-LPG गैस नगद | 5,100 |
| 5. **श्री वैभव जी सोमानी, अनुज जी मूंदड़ा, अभिषेक जी भूतड़ा एवं श्री लक्ष्मण जी पेडिवाल :** चीनी + बुरा- (नियमित मासिक सहयोग) | 3,500 |
| 6. **श्रीमती नम्रता जी मंगल** (बनीपार्क) विविध राशन, (नियमित मासिक सहयोग) | 3,000 |
| 7. गुप्तदान (श्रीमती रामप्यारी जी मूंदड़ा-V.Nagar) कंबल-35 | 16,000 |
| 8. श्री भैंरूलाल, दुर्गा देवी, संजय फलोड़ (अजीतगढ़ निवासी) प्रत्येक 20kg (गुड+गजक+मूंगफली+पिंड खजूर) | 11,000 |
| 9. श्री भगवान सहायजी तोषनीवाल (विविध राशन) | 8,000 |
| 10. श्रीमती संजू धर्मपत्नी श्री नवरतन जी साबू (11 रुई गद्दे) | 7,100 |
| 11. श्रीमती अनिता जी माहेश्वरी (डांडेली) बाबत Winter Garments नगद : | 5,100 |
| 12. श्रीमती श्रद्धा-राजेश जी गोल्यान : समस्त आश्रमवासियों के लिए 36 जोड़ी जूते | 5,100 |
| 13. श्री राधेश्याम जी-श्रीमती संतोष जी मर्दा- गोंद/मैथी लड्डू | 3,100 |
| 14. शकुन्तला माहेश्वरी, ओम प्रकाश जी कासट (बिस्कुट + संतरा) | 2,500 |
| 15. श्री रोशनलाल जी बोथरा (बीकानेर) पापड़-10 किलो | 2,000 |
| 16. श्री महेश रामायन सत्संग मंडल (राजू जी मांधना) | 1,500 |
| 17. श्री दामोदर जी अजमेरा (गोंद के लड्डू) | 1,500 |
| 18. श्री भगवान सहाय जी कालानी | 1,100 |
| 19. अविका जी जैन पुत्री अंकिता अजमेरा | 1,100 |
| 20. राधे-राधे (संदीप जी झंवर-मुकेश जी गुप्ता) नगद | 1,100 |
| 21. श्री राकेश जी, सुरेश जी अग्रवाल (गजक+मूंगफली) | 1,100 |

**भोजन प्रसादी एवं नास्ता (आश्रमवासियों संग) :-**

श्री मुकेश जी टाक, गब्याजी अग्रवाल, विजयसिंह जी लोढ़ा, दुर्गा प्रसाद जी सोमानी, देवकी नन्दन-चेतन जी बाहेती, पोषबड़ा प्रसादी-मालवीय नगर, भक्त मंडल (राधेश्याम जी मरधा), तोमावतिया महाराज, राधे-राधे-संगीत संध्या (संदीप जी झंवर-मुकेश जी गुप्ता)

■ **Er. श्रीबल्लभ मारू**
(वरिष्ठजन आवास व कल्याण मंत्री) मो. 99833-11352

## नर सेवा, नारायण सेवा :

## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प

भामाशाह श्री अनुज जी मूंदड़ा के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 19 दिसम्बर, 2024 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर श्री द्वारका मूंदड़ा, श्रीमती सुनीता मूंदड़ा, श्रीमती वंदना मूंदड़ा, आरव मूंदड़ा, अमायरा मूंदड़ा, श्री वैभव सोमानी, श्री गगन साबू, श्री गौरव जी एवं मूंदड़ा परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




भामाशाह श्री रमेश चन्द जी मनिहार के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 26 दिसंबर, 2024 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढ़ा, श्री रमेश जी मनिहार के कार्यालय स्टाफ सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




भामाशाह श्री मनीष सोनी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 2 जनवरी, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया।




भामाशाह श्रीमती प्रभा कोठारी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 9 जनवरी, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, श्री दीनदयाल बाहेती, श्रीमती आंचल बाहेती, श्री परशुराम बागड़ी एवं श्रीमती प्रभा कोठ्यारी एवं समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### मेडिकल इक्विपमेंट की मुफ्त सुविधा उपलब्ध

महेश सेवा संघ समिति मेडिकल इक्विपमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रही है। किसी भी बंधु को अगर जरूरत होने पर मेडिकल बेड, व्हीलचेयर, एयर बेड, वॉटर बेड, जरूरत होने निम्न जगह पर उपलब्ध रहेगा।

**संपर्क सूत्र** (चिकित्सा मंत्री)

| दीपक जाजू | हेमंत मंत्री |
|---|---|
| 9414834235 | 9829057345 |




### विद्युत चालित एवं पारदर्शी "जागृति अन्तिम दर्शनिका"

अन्तिम संस्कार में देरी की संभावना हो तो, मृत शरीर को ज्यों का त्यों बिना बर्फ आदि के कई दिनों तक 'जागृति अन्तिम दर्शनिका' में अन्तिम दर्शन हेतु यथा स्थिति में आपके घर पर ही रखा जा सकता है। मृत शरीर के डीकम्पोज होने व इससे होने वाले संक्रमण से परिवार व मित्र बच पाते हैं। यह सुविधा 24 घण्टे पूर्ण रूप से निःशुल्क उपलब्ध है।

**सम्पर्क सूत्र :- जयकृष्ण जाजू-98290 53031, सुदर्शन फोमरा-93140 36672, आनन्द दम्मानी-93145 00979**


## गणगौर सेवा केन्द्र

★ मेडिकल पलंग ★ व्हील चेयर ★ ऑक्सीजन कॉन्सट्रेटर ★ यूरिन पॉट ★ टॉयलेट पॉट ★ टॉयलेट चेयर ★ वाकर ★ स्टिक ★ बैसाखी ★ बैक रेस्ट ★ वॉटर बेड ★ एयर बेड

मानव सेवार्थ निःशुल्क (सामान्य अमानती राशि पूर्णतः वापसी योग्य) उपलब्ध

प्रातः 8:00 से 11:00 बजे तक
"गणगौर हाउस", प्लाट नं. 166, सेक्टर - 2, गणेश पार्क के पास, 'उत्सव' माहेश्वरी जनउपयोगी भवन के पीछे, विद्याधर नगर, जयपुर।
0141-2235363
+91-9314242432, +91-9024088439

प्रातः 8:00 से रात्रि 8:00 बजे तक
मंत्री फूड इंडस्ट्रीज, प्लाट नं. G-458C, ... रोड नं. 12, विश्वकर्मा, जयपुर।
0141-4015444
+91-9309485200

# किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय को प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। – **संपादक**

## रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए



# वर्ग पहेली-13



### संकेत : बाएँ से दाएं

1. उलटा, पट का विरुद्धार्थी
2. करिश्मा, करतब, अजूबा
4. कल्याण, उपकार, सहायता
5. दृष्टिकोण, नजरिया, नज़रिया, सोच, दृष्टि
6. माल-असबाब आदि लूटने के लिए दल बाँधकर किया जाने वाला धावा
8. सतर्क, चौकन्ना, सजग, खबरदार, होशियार
10. दुनिया, संसार, जगत
11. स्वर साम्राज्ञी
15. बुद्धि, अक्ल, प्रज्ञा, विवेक

### संकेत : ऊपर से नीचे

1. चित्रकर्मी, कलाकार, चित्रकार
2. अनखिला फूल, प्रसून
3. पुत्र, बेटा, लड़का, लाल, सुत, बच्चा, नंदन,
4. यथासाध्य, यथासंभव, क्षमतानुसार, यथाक्षम
7. व्यवहार, प्रयोग, उपयोग, आचरण
9. सीख, ज्ञान, नसीहत, शिक्षा
10. समागत, जो आया हुआ हो
12. नृत्य संगीत आदि में उसके समय और क्रिया का परिमाण ठीक रखने का एक साधन
13. लाज, संकोच, सकुचाहट, हया
14. स्थापित, स्थित

## FIND 15 HIDDEN OBJECTS IN THE PICTURE



### वर्ग पहेली 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 दि | | 2 दू |
| | | | | | 3 दा | न | वी | र |
| | | | | | न | | | भा |
| | | | 4 द | बा | व | | 5 वि | ष |
| | | | बं | | | | रा | |
| | 6 वि | यो | ग | | | 7 लौ | ट | ना |
| | वे | | | 8 शी | | कि | | |
| 9 थू | क | ना | | 10 शा | 11 स | क | | |
| थ | | | 12 दं | | हा | | | |
| न | | 13 दं | ड | नी | य | | | |
| | | भ | | | ता | | | |

### पिछले अंक में दी गई प्रविष्टियों में से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियाँ

1. नव्या माहेश्वरी सुपुत्री श्री निखिल मंत्री (8 वर्ष)
2. डेलिशा माहेश्वरी सुपुत्री श्री श्रीराम भाला (11 वर्ष)
3. ऋशान सुपुत्र श्री रवि भंसाली (7 वर्ष)
4. रिद्धिका सुपुत्री श्री श्रीकृष्ण सोमानी (11 वर्ष)
5. निभीष सुपुत्र श्री अभिषेक माहेश्वरी (6 वर्ष)

## अंत:सदन प्रतियोगिताओं में भागीदारी



विद्यार्थियों की सह-शैक्षणिक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से 2 दिसंबर को प्राथमिक वर्ग के लिए ऑरिगेमी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऑरिगेमी में कागज़ को मोड़कर विभिन्न कलात्मक आकृतियाँ प्रदान की जाती हैं। प्रतियोगिता में रेड हाउस की रिद्धिमा सोनी ने प्रथम तथा यलो हाउस के हर्षिल अजमेरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 2 दिसंबर को ही आयोजित अंत:सदन नृत्य प्रतियोगिता में यलो हाउस ने रॉकस्टार और ग्रीन हाउस ने रिदमिक रॉकस्टार का खिताब अपने नाम किया।

## आर्ट ऑफ लिविंग की कार्यशाला का आयोजन



वर्ल्ड मेडिटेशन डे के अवसर पर 21 दिसंबर को रामभवन सभागार में आर्ट ऑफ लिविंग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक अतुल जी और हंसा जी तनवानी ने विद्यार्थियों को मेडिटेशन के गुर सिखाए। इस अवसर पर विद्यालय के भवनमंत्री श्री द्वारका दास नोवाल ने आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों का माला पहनाकर स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न भेंट किया। प्राचार्य श्री अजय कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण में प्रशिक्षकों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को मेडिटेशन की उपयोगिता के बारे में समझाया तथा इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मेडिटेशन प्रशिक्षक हंसा तनवानी ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों को तनाव, अवसाद और हिंसात्मक प्रवृत्तियों से मुक्ति दिलाकर उन्हें मानसिक और भावनात्मक संबल प्रदान करना है। कार्यशाला के अंत में भवन मंत्री ने प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा सभी विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण से सीख लेते हुए तनाव और चिंता से मुक्त आनंदभरा जीवन जीने का संदेश दिया।

## क्रिसमस सेलिब्रेशन : रचनात्मकता और उल्लास का संगम

एम.पी.एस. तिलक नगर व एम.पी.एस. संस्कृति, तिलक नगर द्वारा विद्यालय प्रांगण में क्रिसमस मनाकर





बच्चों को इस त्योहार का महत्त्व समझाया गया। बच्चे लाल रंग की पोशाक और सांता क्लॉज की वेशभूषा में बेहद आकर्षक लग रहे थे। प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों ने सॉल्ट पेंटिंग, ओरिगेमी और डेकोरेटिव आर्टवर्क के माध्यम से क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉज और अन्य कलाकृतियाँ बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने चॉकलेट का आनंद लिया और अपने दोस्तों के साथ डांस कर खुशी प्रकट की। यह आयोजन न केवल मनोरंजन से भरपूर था बल्कि बच्चों में रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाला भी साबित हुआ।

# एम.पी.एस. संस्कृति, तिलक नगर

## सिंक एंड फ्लोट एक्टिविटी से सीखा विज्ञान



लेवल 3 के बच्चों को 17 दिसंबर को सिंक एंड फ्लोट एक्टिविटी करवाई गई। इस गतिविधि में बच्चों को एक पानी से भरा टब तथा विभिन्न वस्तुएँ जैसे खिलौने, पत्ता, सिक्का, कागज उपलब्ध करवाया गया व सभी वस्तुओं को एक-एक करके टब में डालने के लिए कहा। इससे बच्चों को यह समझ आया कि कुछ वस्तुएँ पानी में डूबती हैं और कुछ तैरती हैं।

## स्पीकिंग स्किल एक्टिविटी में बोलने की कला का अभ्यास



लेवल 3 के बच्चों के लिए ही 18 दिसंबर को स्पीकिंग स्किल एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने 'पानी का महत्त्व' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इससे बच्चों में आत्मविश्वास तथा कम्युनिकेशन स्किल का विकास हुआ।

## वस्तुओं को क्रमबद्ध करने का अभ्यास




लेवल 2 के बच्चों ने 20 दिसंबर को क्रमबद्ध करने व विभिन्न आधारों पर वस्तुओं का समूहीकरण करने की गतिविधि में भाग लिया। इस गतिविधि में बच्चों ने विभिन्न वस्तुओं को क्रमबद्ध करते हुए समूह में करने का अभ्यास किया।

## सॉल्ट वॉटर एक्सपेरिमेंट



23 दिसंबर को लेवल 1 के बच्चों ने सॉल्ट वॉटर एक्सपेरिमेंट में भाग लिया। इस प्रयोग में बच्चों ने नमक और पानी के मिश्रण में कलर को घोलने का अभ्यास किया, जिसमें बताया गया कि नमक के पानी में कलर नहीं घुलता बल्कि तैरता रहता है और सादा पानी में कलर आसानी से घुल जाता है। इस प्रकार विज्ञान के इस फॉर्मूले से बच्चों की जिज्ञासा और उत्साह को बढ़ावा मिला ।

## स्पर्श के अनुभव से बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास

23 दिसंबर को बच्चों ने विभिन्न सामग्रियों को छूने का अनुभव किया। यह न केवल उनके मानसिक विकास में मदद करता है, बल्कि उनकी भावनाओं और संवेदनाओं को भी समझने में सहायक होता है। जब बच्चे विभिन्न सामग्रियों को छूते हैं, तो वे अपनी इंद्रियों को सक्रिय करते हैं, जिससे उनकी संज्ञानात्मक क्षमताएँ बढ़ती हैं।



## छात्र-छात्राओं ने विभिन्न अंतरविद्यालयी प्रतियोगिताओं में अपनी सफलता का परचम फहराया








'नए इरादों की राहों में बढ़ने का संकेत मिला है।' इन्हीं संकेतों को पाकर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनेक अन्तरविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जीत की ध्वजा फहराई। राजस्थान के डीडवाना में आयोजित 49वीं सब-जूनियर राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप -2024 में कक्षा-8 की छात्रा असीस कौर ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 8वीं की ही छात्रा गौरी जायसवाल का रेड टोन 16वीं केएल इंटरनेशनल जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप -2024 के लिए चयन हुआ और साथ ही सिंगापुर जूनियर स्क्वैश ओपन-2024 के लिए भी चयनित हुई। जयपुर जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप -2024 में कक्षा-4 के शिवांग अरोड़ा ने स्वर्ण, पाँचवीं के छात्र लविश आलमचंदानी ने रजत पदक, कक्षा -3 के अद्विक मुंजाल ने अंडर-9 वर्ग में रजत पदक, कक्षा-7 के समर देवरवाल ने अंडर-13 वर्ग में कांस्य पदक जीता और कक्षा छठीं की हनिका जुनेजा ने लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में कांस्य पदक जीता। जम्मू विश्वविद्यालय में आयोजित 17वीं जीएफआई राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप-2024 में मानस करमचंदानी 8वीं ने स्वर्ण और कक्षा-11वीं के यशस्व करमचंदानी ने रजत पदक हासिल किया। गर्वित मेघनानी ने जयपुर टेबल टेनिस अकादमी, जयपुर में आयोजित तीसरी ओपन जिला टेबल टेनिस रैंकिंग में स्वर्ण जीता। अनवरत गतिमान जीत की इस श्रृंखला में कोटा में आयोजित 8वीं राज्य चैंपियनशिप में रोड रेस और रिंग रेस में कक्षा-4 के शिवांग अरोड़ा ने स्वर्ण पदक, कक्षा-5 के हिमांशु भगवानी ने रजत पदक व कक्षा-2 के ग्रहिल राज ने दोनों में क्रमशः स्वर्ण व रजत पदक हासिल किया। अष्टा स्केटिंग अकादमी, तिलक नगर द्वारा आयोजित चौथी राजस्थान राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप कक्षा-5 के हिमांशु भगवानी ने 300 और 500 मीटर में स्वर्ण पदक, ग्रहिल राज (कक्षा-2) ने कांस्य पदक, नक्ष जैन (कक्षा-3) ने रजत पदक और लविशा आलमचंदानी (कक्षा-5) ने स्वर्ण पदक जीता। आर्यमन पारीक (कक्षा-9) ने लुधियाना में आयोजित 68वें राष्ट्रीय विद्यालय खेल (नेटबॉल) अंडर-17 बालक वर्ग में भाग लिया तथा कक्षा-5 के छात्र आरव चतुर्वेदी ने एंटरटेनमेंट पैराडाइज, जयपुर में आयोजित अंडर-11 एसीसी ओपन शतरंज टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। विद्यालय के मानद सचिव सी ए श्री अमित जी गट्टानी, भवन मंत्री श्री सुमित जी काबरा व प्राचार्य श्री अशोक वैद ने सभी पुरस्कृत विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## क्रिसमस व नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम









भारत विविधताओं से भरा हुआ एकता के सूत्र में बँधा देश है। जहाँ हर पर्व व त्योहार उत्साह से मनाया जाता है। इसी संदेश को अन्तर्गर्भित करते हुए विद्यालय में क्रिसमस के उपलक्ष्य में प्राइमरी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा संचालन किया गया। कक्षा एक से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में ईसा मसीह के प्रेरक प्रसंगों से ओतप्रोत सद्भावपूर्ण जीवन-चरित्र पर आधारित मार्मिक नाट्य प्रस्तुति, वाद्य-यंत्रों के साथ मधुर समूह-गीत, नौनिहालों के मनोरम नृत्य आदि ने सभागार में समाँ बाँध दिया। छात्र-छात्राओं ने नववर्ष के उपलक्ष्य में एक शुभकामना गीत भी प्रस्तुत किया जो कि संकल्प-शक्ति से भर देने वाला संदेशपरक गीत था। अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक जी वैद ने सभागार में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को क्रिसमस व नव वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएँ सदा स्वस्थ व प्रसन्न रहें और उत्साहपूर्वक अपना शारीरिक व मानसिक विकास करें।

## कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि का आयोजन









सुरक्षित तरीकों से सेहतमंद भोजन बनाने के कौशलों का विकास करने के उद्देश्य से विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक अन्तःकक्षा कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे खाना बनाने के विविध कौशल सीखने के साथ-साथ बच्चों में सामाजिक मूल्यों व आत्मविश्वास का विकास भी हुआ। विद्यार्थियों ने कई भारतीय और पाश्चात्य व्यंजन बनाए। प्राचार्य श्री अशोक वैद ने औचक निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करके उनका उत्साहवर्धन किया।

## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी गर्ल्स सी. सैकण्डरी स्कूल, चौड़ा रास्ता ✆ 2314646, 2313072

## वार्षिकोत्सव 'मधुपर्क' सम्पन्न








19 दिसम्बर को वार्षिक समारोह 'मधुपर्क' एम.पी.एस. जवाहर नगर के तक्षशिला सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल को सुंदरतम रूप में सुसज्जित करते हुए नारी के विविध रूप को झाँकियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने मधुर बैंड वादन से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में चीफ जस्टिस अनिल कुमार जी उपमन ने मुख्य अतिथि पद को, प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी ओमप्रकाश जी चितलांगिया व सुरेन्द्र जी बजाज ने विशिष्ट पद को अलंकृत कर कार्यक्रम की शोभा में वृद्धि की। इस अवसर पर ECMS के चेयरमैन श्री केदारमल जी भाला, उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल जी बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहानी, कोषाध्यक्ष सी.ए. अनिल जी सारड़ा, मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिड़ला, भवन मंत्री श्री प्रकाश जी काहल्या, ECMS के पदाधिकारीगण, सदस्यगण, विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यगण, सोसायटी द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य, अभिभावकगण, पधारे। अतिथियों का स्वागत पुष्पहार, शॉल एवं साफा पहनाकर करते हुए, माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विद्यालय के चेयरमेन ने आगन्तुक अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत करते हुए छात्राओं को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने तथा कठोर परिश्रम के साथ जीवन में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। महासचिव शिक्षा ने ECMS का विज़न तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व शिक्षा के प्रसार के बारे में भावी योजनाओं की परिकल्पना प्रस्तुत की। मानद् सचिव व भवन मंत्री महोदय ने अपने प्रेरक वचनों में MBV की छात्राओं की मेहनत और लगन की प्रशंसा करते हुए उनकी उपलब्धियों को गौरवान्वित करने वाली कहा। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में ECMS द्वारा बालिका शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए छात्राओं को आधुनिकता और बदलती जीवन शैली के दौर में भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति निष्ठा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा सभी पधारे हुए अतिथिगण ने विद्यालयी ई-पत्रिका 'उद्भव' का विमोचन किया।

इसी क्रम में छात्राओं ने 'मधुपर्क' आधारित कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देते हुए नारी शक्ति की वैदिक युग से वर्तमान काल तक विभिन्न भूमिकाओं को प्रदर्शित किया। नन्हीं-मुन्नी बालिकाओं ने अपनी नटखट और मनमोहक भाव-भंगिमाओं से नृत्य द्वारा सभी को भाव-विभोर कर दिया। परिवार, समाज, शिक्षा-राजनीति, विभिन्न प्रसंगों पर संगीताधारित नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी के हृदय को भावों से परिपूर्ण कर दिया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### क्रिसमस-डे सेलिब्रेशन पर सांताक्लॉज बनकर खुशी से झूमे बच्चे

24 दिसम्बर को 'क्रिसमस-डे' पर विद्यालय परिसर को चमचमाते क्रिसमस ट्री तथा सजावटी अलंकरणों से सजाया गया। प्राइमरी की नन्हीं-मुन्नी छात्राएँ सांता क्लॉज व परी की वेशभूषा में सभी का मन मोह रही थीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत बच्चों ने बढ़-चढ़कर कला का प्रदर्शन करते हुए कविताएँ, सुमधुर गायन, नृत्य आदि की प्रस्तुतियाँ दीं जिससे वातावरण आनंदमय बन गया। सांता क्लॉज बने बच्चों से टॉफियाँ व उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने सभी बच्चों को क्रिसमस की बधाई देते हुए उन्हें संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी।



### पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजन

31 दिसम्बर, 2024 हिन्दू धार्मिक परम्पराओं के अनुसार पौष माह में माँ सरस्वती का वंदन करते हुए पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी स्टॉफ सदस्यों ने हर्षोल्लास से भाग लिया। इसी कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिड़ला ने अंग्रेजी नववर्ष की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## mgps फिर बना सिरमौर



एमजीपीएस ने अपने शैक्षणिक स्तर के बल पर शिक्षा जगत में एक बार फिर अपना लोहा मनवा लिया। Education Today द्वारा MGPS को बालिका शिक्षा वर्ग में भारत में पाँचवां और राजस्थान में प्रथम स्थान प्रदान किया गया। 10 दिसंबर 2024 को मैंगलोर में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान विद्यालय के मानद सचिव श्री घनश्याम जी कचौलिया व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने ग्रहण किया।




## धूमधाम से मनाया फ्लैग डे

हमारी सुरक्षा की सजग प्रहरी हमारी भारतीय सेना के सम्मान में प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को आयोजित 'इंडियन आर्मी फोर्स फ़्लैग्स डे' के अवसर पर छात्राओं को फ्लैग वितरित किए गए, जिसे उन्होंने बड़े गर्व के साथ अपने सीने पर धारण किया।

## CLAT 2025 के परीक्षा परिणाम में रचा इतिहास




विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित CLAT 2025 के परीक्षा परिणाम में अपनी सफलता से सभी को गौरवान्वित किया। श्रेया सिंह ने AIR-196, राजस्थान रैंक 13 और बालिका वर्ग में AIR-87 हासिल की।

रूपम वर्मा ने AIR-22 (SC), विदेशा सहल ने AIR-242 (NRI Sponsored), व मिताली खंडेलवाल ने AIR-253 (EWS) हासिल की। विद्यालय के मानद सचिव श्री घनश्याम जी कचौलिया व प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## तुलसी दिवस व क्रिसमस की रही धूम

सर्वधर्म समभाव के उच्च आदर्श को अपना ध्येय मानते हुए विद्यालय में 24 दिसंबर को तुलसी दिवस व क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं को तुलसी के सर्वमान्य गुणों से परिचित करवाया गया और भारतीय संस्कृति में उसका महत्व भी बताया, वहीं बच्चों ने क्रिसमस के अवसर पर कैरल्स गाकर अपने भावों को प्रस्तुत किया। सान्ता ने बच्चों को मिठाई बाँटी।




## CA फाइनल के परीक्षा परिणाम में MGPS ने मारी बाज़ी




मज़बूत नींव पर खड़ी इमारत सदैव मज़बूत व स्थायी होती है। इसी बात का प्रमाण मिला 28 दिसंबर को CA फ़ाइनल के रिज़ल्ट में, जहाँ विद्यालय की पूर्व छात्राओं ने अपनी मज़बूत बुनियाद के बल पर सफलता की नई कहानी रची। महिमा राठी, आयुषी तोड़ी, हर्षिता सोमानी, स्नेहिल अग्रवाल, पूजन मोदानी, सिया अग्रवाल, हर्षिता अग्रवाल व अवंतिका बजाज ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की।

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

**माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर ✆ 9116929333, 9116738408**

# वार्षिकोत्सव व सांस्कृतिक संध्या: निखरते बचपन की स्वयं से सिद्धि तक की यात्रा



विद्यालय के रुद्राक्ष सभागार में सोलहवाँ वार्षिकोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें दिनांक 26 दिसंबर 2024 को विद्यालय के प्राथमिक अनुभाग के विद्यार्थियों ने 'सँवरता बचपन: निखरता जीवन' थीम पर अत्यंत मनोहारी प्रस्तुतियाँ देकर सभी को सम्मोहित किया।

इस समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मदन राठौड़ ने मुख्य अतिथि पद को तथा 'श्री शशि किरण जी' मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उ.प. रेलवे व श्री विनेश



कुमार मालपानी' निदेशक जैसलमेर कला एवं शिल्प ने विशिष्ट अतिथि पद को अलंकृत कर कार्यक्रम की शोभा में श्रीवृद्धि की। विद्यार्थियों ने विभिन्न संगीतमयी नृत्य प्रस्तुतियों तथा नाट्य मंचन द्वारा बचपन परिवार व समाज का साथ मिलने पर न केवल निखरता है बल्कि देश व समाज के भविष्य को सँवारकर एक सशक्त परिवेश की आधारशिला स्थापित करता है, ऐसा भावपूर्ण संदेश दिया गया। ऐसे ही बचपन को आकार देने के उद्देश्य से माननीय अतिथिगण व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के करकमलों से संस्कृति प्री प्राइमरी विद्यालय का पोस्टर विमोचन कर संस्कारों की धरोहर को नया आयाम प्रदान किया गया।

इसी क्रम में 28 दिसंबर 2024 को माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा विराट मानवीय शक्ति का मंत्र 'MINDFULLNESS : स्वयं से सिद्धि तक' की थीम पर जोश, उमंग और उल्लास से परिपूर्ण प्रस्तुतियों की अभूतपूर्व श्रृंखला प्रदर्शित की गई, जिसमें आत्मचिंतन व आत्मनिर्णय के महत्व को



दर्शाते हुए अंतर्निहित योग्यताओं को पहचानने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक 'श्री अशोक माहेश्वरी' ने मुख्य अतिथि पद को सुशोभित किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में' 'श्री के.पी. वर्मा' अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक' व श्री विनोद कालानी' CRIS फार्मा (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष की गौरवमयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को द्विगुणित कर दिया। उनके द्वारा नवाचार युक्त गतिविधियों एवं विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के सरोकारों से जोड़े रखने वाले प्रयासों की सराहना भी की गई एवं विद्यार्थियों को स्वयं के अंदर छिपी योग्यताओं को पहचान कर नित्य गतिशील रहने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- JEE, NEET, CMA, CLAT, CA के सफलतम अभ्यर्थियों एवं 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को अतिथिजन द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की विविध गतिविधियों से अपने कौशल को मुखरित करने वाले विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठतम उपलब्धियाँ हासिल करने वाले होनहार एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कक्षा 12वीं के मेधावी छात्र प्रज्ज्वल शर्मा को GEM OF MPS की उपाधि से नवाजा गया। विद्यालय की सभी गतिविधियों में अग्रणी रहे प्रह्लाद सदन एव सांस्कृतिक गतिविधियों में श्रेष्ठतम प्रदर्शन के लिए एकलव्य सदन को पुरस्कृत किया गया।

ईसीएमएस के अध्यक्ष माननीय केदारमल जी भाला ने अपने उद्‌बोधन द्वारा आमंत्रित अतिथिगण का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया व माहेश्वरी शिक्षा समिति के शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया। महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहानी ने समिति की विविध गतिविधियों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को नित्य कौशल विकास की प्रेरणा दी। विद्यालय मानद सचिव सीए गणेश बांगड़ ने एनईपी- 2020 के अनुरूप किए जा रहे नवाचारों व आगामी वर्षों में प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में माहेश्वरी शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल जी बाहेती, भवन मंत्री अजय जी सारडा व विद्यालय प्रबंध समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रीटा जी भार्गव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सत्र 2024-25 में विद्यार्थियों द्वारा विविध शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों की संक्षिप्त विवेचना



प्रस्तुत की तथा भविष्य में भी श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। 26 दिसंबर 2024 को विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य श्री आलोक अजमेरा ने तथा 28 दिसंबर 2024 को श्री शरद मालपानी सदस्य विद्यालय प्रबंध समिति ने आमंत्रित सभी अतिथियों, माहेश्वरी शिक्षा समिति के पदाधिकारियों व संपूर्ण कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय रहे समस्त सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला का आयोजन





विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से मार्केटिंग के वर्तमान परिप्रेक्ष्य और उसके विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग की आधुनिक तकनीकों, रणनीतियों, और उपकरणों के उपयोग के बारे में महत्त्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यशाला में सोशल मीडिया मार्केटिंग जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि वे इन तकनीकों को अपने कॅरियर और व्यवसाय में कैसे लागू कर सकते हैं। इस प्रकार की कार्यशाला से छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान मिला बल्कि उन्हें डिजिटल युग में मार्केटिंग की बढ़ती भूमिका को भी समझने का अवसर मिला।

### 'विकसित भारत क्विज चैलेंज' के लिए जागरूकता अभियान

कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा #MyBharat_Outreach_Program के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम #My_Bharat_Portal पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और विकसित भारत क्विज चैलेंज में सहभागिता के लिए 15 से 29 वर्ष के युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु प्रताप नगर एवं सांगानेर क्षेत्र के राजकीय एवं निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के इस प्रयास की विद्यालयों ने सराहना की और इसे छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम बताया।



### जी.सी.ई.सी. कॉमर्स क्लेव 2024




4 दिसंबर 2024 को आर.आर.सी. जयपुर में "जी.सी.ई.सी. कॉमर्स क्लेव 2024" में वाणिज्य और उद्यमशीलता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्रों, शिक्षकों और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने डॉ. प्रीति बाहेती एवं श्री विवेक कुमार दीक्षित के निर्देशन में भाग लिया। यह कार्यक्रम छात्रों को उद्योग के नवीनतम रुझानों को समझने, नए कौशल सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का एक आदर्श मंच प्रदान करता है।

### जयपुर क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर द्वारा आयोजित जयपुर क्विज लीग 2024 में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में महाविद्यालय से हर्ष विजय और पीयूष शर्मा ने भाग लिया और विजयी रहे। प्रतियोगिता में पुरस्कार स्वरूप दोनों विद्यार्थियों को ₹ 25,000 की राशि प्रदान की गई। यह आयोजन न केवल उनके सामान्य ज्ञान की उत्कृष्टता को दर्शाता है, बल्कि महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण भी है। महाविद्यालय के सचिव श्री दिनेश कुमार मोदानी, भवन सचिव श्री रामावतार काबरा और प्राचार्या डॉ. रानू शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री केदारमल भाला और महासचिव श्री मधुसूदन बिहाणी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### रन फॉर विकसित राजस्थान 2024

कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने "रन फॉर विकसित राजस्थान 2024" कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम अमर जवान ज्योति जनपथ, जयपुर में आयोजित हुआ, जहां राजस्थान के मुख्यमंत्री, श्री भजन लाल जी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप




में उपस्थित रहे। इस दौड़ का उद्देश्य राज्य में विकास, समृद्धि और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। स्वयंसेवकों ने इस आयोजन के माध्यम से राजस्थान को और अधिक विकसित और सशक्त बनाने के संकल्प को साझा किया।

### खेल उत्सव 2024 का भव्य आयोजन



महाविद्यालय में खेल उत्सव 2024 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिभा सिंह रत्नू, सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर रहीं। महाविद्यालय के मानक सचिव डॉ. दिनेश कुमार मोदानी ने प्रेरणादायक कविता के माध्यम से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। भवन सचिव श्री रामावतार काबरा ने छात्रों को मोबाइल फोन से दूरी बनाकर स्वास्थ्य और खेल पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। महोत्सव में पारंपरिक और आधुनिक खेलों का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला। प्रतियोगिताओं में शतरंज, कैरम, सितोलिया, गली क्रिकेट, रिले रेस, रस्साकशी, बैडमिंटन, चक्का फेंक और गोला फेंक जैसे खेल शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। एमएमसी सदस्य श्री बृज गोपाल भूतडा, अध्यक्ष श्री केदारमल जी भाला, महासचिव मधुसूदन बिहाणी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

## वार्षिकोत्सव समारोह– 'बंधन– विश्वास की डोर'



माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, अजमेर रोड, बगरू के प्रांगण में 24 दिसंबर 2024 को वार्षिकोत्सव का सांस्कृतिक समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व राजदूत एवं उच्चायुक्त श्री गौरी शंकर जी गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध समाज सेवी श्री सुरेंद्र जी बजाज और अतिरिक्त डी.सी.पी., पश्चिम, जयपुर श्री अशोक कुमार जी सिंघल की उपस्थिति में समाज अध्यक्ष श्री केदारमल जी भाला, उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल जी बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन बिहानी जी, कोषाध्यक्ष श्री अनिल जी सारडा, विद्यालय मानद् सचिव श्री श्यामसुंदर जी तोतला, भवन सचिव श्री अरविंद जी मांधनिया प्रधानाचार्या दलजीत कौर सहित 'दी एज्युकेशन कमेटी ऑफ दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर के सभी गणमान्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को संबोधित किया और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने समारोह में गत वर्ष की शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। वार्षिकोत्सव की शुभसंध्या पर प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दर्शकों की तालियाँ बटोरी एवं सभी ने कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा की।





### ध्यान योग कार्यशाला

अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस, 21 दिसंबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में ध्यानयोग कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने ध्यानयोग का अभ्यास कर इसके लाभ को अनुभव किया।



### कॅरियर परामर्श कार्यशाला

विद्यालय में एसआरएम यूनिवर्सिटी, आंध्र प्रदेश द्वारा वरिष्ठ कक्षाओं के लिए कॅरियर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने कॅरियर और उसके विस्तार के बारे में जाना और बहुत उत्साह से संचालक विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे।



### विशेष प्रार्थना सभा

समाज में फैली घूसखोरी, लैंगिक असमानता एवं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन जैसी ज्वलंत समस्याओं का विद्यार्थियों द्वारा सांकेतिक भाषा का प्रयोग करते हुए लघु नाटिकाएँ प्रस्तुत की गई।







## एमपीएस इंटरनेशनल द बेस्ट स्कूल' अवॉर्ड से सम्मानित



एजुकेशन टुडे द्वारा सीबीएसई पैरामीटर टीचर्स एडवांस एंड वेल बीइंग सीबीएसई कैटेगरी के अंतर्गत एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल को बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में बेस्ट स्कूल अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। विद्यालय सचिव श्री दीपक सारडा व प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने एजुकेशन टुडे द्वारा आयोजित समारोह में यह सम्मान ग्रहण किया।

## गीता के गूंजे श्लोक



चिन्मय मिशन संस्था द्वारा आयोजित गीता श्लोक पाठ प्रतियोगिता में विद्यालय की अरायना तोषनीवाल व रिथान्या तोषनीवाल क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहीं, संस्था द्वारा छात्रों को पदक व पुस्तकें उपहार स्वरूप दी गईं। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने छात्रों को प्राचीन धर्म ग्रंथों का महत्त्व बताते हुए उनसे शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

## तुलसी पूजन के साथ यीशु प्रभु को किया याद



विद्यालय में तुलसी दिवस और क्रिसमस डे पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी पूजन के साथ हुई जिसके अंतर्गत तुलसी जी की पूजा और आरती की। क्रिसमस की खुशी में नन्हे मुन्ने विद्यार्थी सांता की पोशाक में सज कर आए और बच्चों द्वारा नृत्य और कैरोल की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसी अवसर पर अक्षय पात्र द्वारा आयोजित 16वें वार्षिक हेरिटेज फेस्ट में विद्यालय के 200 छात्रों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल ने सर्वश्रेष्ठ रोलिंग ट्रॉफी भी प्राप्त की। अक्षय पात्र से श्री एस एस दास प्रभु जी, श्री गरुड़ प्रभु जी और अंकित जी ने विद्यालय में आकर छात्रों को पुरस्कार वितरण किए और कृष्ण के जीवन का सार समझाया।

## विशेष उपलब्धियाँ

### स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास



विद्यालय के कक्षा 12वीं के कृष्णा गुप्ता ने मध्य प्रदेश में आयोजित एसजीएफआई ताइक्वांडो नेशनल्स में पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। पी.एच.ई. शिक्षक विजय सिंह राठौर एवं आशीष शर्मा के मार्गदर्शन ने कृष्णा की प्रतिभा को निखारने और उत्कृष्टता प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसके लिए स्कूल परिवार उनका आभारी रहेगा। विद्यालय सचिव, भवन मंत्री और प्राचार्या ने छात्र को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी।

### 'पधारो म्हारे भारत' कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व हेतु सम्मानित



ग्नार्ली टूथ ग्लोबल फेडरेशन द्वारा सरकारी निकायों के सहयोग से पधारो म्हारे भारत कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियो के सतत विकास को बढ़ावा देना व स्थानीय रूप से कार्य करते हुए विश्व पटल पर पहचान बनाते हुए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखना है। विद्यालय की प्राचार्या महोदया को विद्यार्थियों में सक्रिय नेतृत्व करने, सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने और सार्वजनिक स्थलों पर भी विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु सम्मानित किया गया।

### नेशनल प्रिंसिपल अवॉर्ड 2024 से सम्मानित

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा को 'एक उपदेश' संस्था द्वारा स्वामी विवेकानंद नेशनल प्रिंसिपल अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में युवा शिक्षार्थियों को जीवन कौशल प्रदान



करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता, प्रभाव व नवोन्वेषी दृष्टिकोण प्रस्तुत करने हेतु प्रदान किया गया। विद्यालय सचिव श्री दीपक जी सारडा, भवन मंत्री श्री महेश जी चांड़क, एम.एम.सी. मेंबर्स श्री राधेश्याम जी काबरा, रोशन जी अजमेरा एवं श्रीमती प्रीति, श्री मनमोहन भूतड़ा एवं श्री राजकुमार अजमेरा सहित पूरे विद्यालय परिवार ने प्राचार्या जी को इस उपलब्धि के लिए बधाइयाँ दीं।

### ब्रेनविटा एबेकस में दर्ज की जीत




विद्यालय के मिहिर साबू ने ब्रेनविटा अबेकस द्वारा आयोजित 10वें राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार समारोह में अबेकस और मानसिक गणित में 4 सेकंड के भीतर 2 अंकों का गुणन करने का विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए प्रथम रैंक और इसी श्रृंखला में कक्षा 4 के तेजस पारीक ने 7वां स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय सचिव, भवन मंत्री एवं प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा सहित पूरे विद्यालय परिवार ने छात्रों को इस उपलब्धि हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।



Love, Relationship & friendship goes everywhere whether it is invited or uninvited, but it stays only there where it is well treted & respected.

■ **Er. Deepak Sharda**
**School Secretary**

## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, कालवाड़ रोड © 7412949000, 7410968000

### Jaipur History Festival

दिनांक 3 दिसंबर, 2024 से 6 दिसंबर, 2024 तक सिटी पैलेस, जयपुर की ओर से 'Jaipur History Festival' का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया।

- विद्यार्थियों ने आर्ट-क्राफ्ट विभाग के सहयोग से वित्तीय साक्षरता हेतु Threads of Wisdom : Weaving Financial Freedom संबंधी मॉडल प्रस्तुत किया साथ ही परिवार की आर्थिक समृद्धि के लिए कुशलतापूर्वक लिए गए वित्तीय निर्णयों का महत्त्व बताया।
- 'कलम के जादूगर' उपनाम से विख्यात महान कहानीकार व उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'पूस की रात' के माध्यम से वित्तीय साक्षरता प्रदान की गई।
- कहानी 'The Weavers Choice' को वित्तीय साक्षरता के साथ जोड़ते हुए नए कलेवर के साथ अभिनीत किया गया तथा संबंधित विषय से जुड़े कई खेलों का भी प्रदर्शन किया गया।

















### विश्व ध्यान दिवस

दिनांक 21 दिसंबर, 2024 को पुनः एक बार भारतीय संस्कृति को गौरव की अनुभूति हुई। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से संपूर्ण विश्व में विश्व ध्यान दिवस मनाने की घोषणा की गई। इस सुअवसर पर श्री श्री रविशंकर द्वारा संचालित 'आर्ट ऑफ लिविंग' की ओर से सुश्री विभूति ने कक्षा 9 के विद्यार्थियों को ध्यान का महत्त्व समझाते हुए कुछ तकनीकों के माध्यम से विद्यार्थियों को मेडिटेशन करवाया। सभी विद्यार्थियों ने ध्यान से होने वाले लाभों की जानकारी ली।




### Counselling for Subject Selection & Exam Orientaion Session

दिनांक 23 दिसंबर, 2024 को कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के दौरान विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा से जुड़ी हुई कुछ विशेष जानकारी दी गई जैसे-OMR शीट भरना, बोर्ड परीक्षा के अनिवार्य नियम, परीक्षा की समय सीमा, प्रवेश पत्र की भूमिका तथा परीक्षा कक्ष में प्रतिबंधित वस्तुएँ। वरिष्ठ प्रभारी श्री उमाकांत जोशी के सानिध्य में सभी विषयाध्यापकों ने विद्यार्थियों को नवीन कक्षा के लिए विषयों का चुनाव करने तथा सभी विषयों के लिए उपलब्ध विकल्पों से भी अवगत करवाया।

### Community Helpers Day

दिनांक 6 दिसंबर, 2024 को संस्कृति विद्यार्थियों के लिए 'कम्युनिटी हेल्पर्स डे' आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने डॉक्टर, नर्स, पुलिस, फायर फाइटर आदि सहायकों की वेशभूषा धारण कर समाज में उनकी भूमिका व महत्त्व समझाया।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

**एमपीएस संस्कृति, बनीपार्क** ✆ 0141-2203340, 2203341, 7414020004

mps Sanskriti®
Pre Primary School

**अरुण कुमार मालू** (सचिव)
9829017200

**वैभव सोमानी** (भवन मंत्री)
9414070117

**भावना भाटिया** (प्रधानाध्यापिका)
9610896269



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर



# स्मृतिशेष स्वजनों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन

विगत दिनों समाज के कुछ बंधु/बहनें का परलोकगमन हो गया। समाज अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से उनके शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएँ प्रेषित हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।


श्री संत लाल सिगची
15.12.2024


श्रीमती सोनिका साबू
16.12.2024


श्रीमती लक्ष्मी देवी जाखोटिया
17.12.2024


श्रीमती श्यामलता मांधना
19.12.2024


श्री प्रेम नारायण नवाल
19.12.2024


श्रीमती लक्ष्मी देवी भूतड़ा
21.12.2024


श्रीमती रामा देवी झंवर
21.12.2024


श्री बृजमोहन सारड़ा
23.12.2024


श्री सुभाष लढ्ढा
26.12.2024


श्रीमती राधा देवी झंवर
30.12.2024


श्री गिर्राज परतानी
01.01.2025


श्रीमती श्रीकुमारी भट्टड
02.01.2025


श्री अशोक कुमार मूंधड़ा
04.01.2025


श्री रामकिशोर लखोटिया
06.01.2025


श्रीमती मनभर देवी जाजू
06.01.2025


श्री आशीष छापरवाल
07.01.2025


श्रीमती प्रेमलता फोफलिया
08.01.2025


श्रीमती विमला देवी झंवर
10.01.2025


KAMAL DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTRE KDRC JAIPUR

कमल डाइग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेन्टर

0-5, हॉस्पिटल मार्ग, एस.एम.एस. हॉस्पिटल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001

(M): 93140 24888 Ph.: 0141- 2374777, 4039727 E-mail: kdrc2374777@gmail.com

Estt since 2011



सुविधाएँ

- M.R.I.
- C.T. SCAN
- सोनोग्राफी (3D/4D)

- कलर डॉपलर
- डिजिटल एक्सरे
- ईको
- ई.सी.जी.
- ई.ई.जी
- सी.टी.एम.टी.
- एन.सी.वी.
- बायोप्सी
- एफ.एन.ए.सी.
- ऑडियोमेट्री



एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध

सभी प्रकार के बायोकेमिकल, हेमटोलोजिकल लेबोरेटरी टेस्ट की सुविधाएँ।

निर्मल मूंदड़ा - 98290-50202

# SHRI MAHESHWARI DIALYSIS DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTER

(A Unit of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur)

210–ए, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, गौतम मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर–19

फोन : 0141-2948760, 8306300304 • Email : smddrclab@gmail.com

## ओपीडी



Consultant - Arthroplasty, Sports Injury, Trauma Surgery

**Dr. Dilip Mehta**

M.B.B.S., M.S. (Ortho, Guj), FUR, FISA (USA)
Arthroscopy & Sports Injury,
SHALBY HOSPITAL, Jaipur
TIMING 4:00 PM to 5:00 PM (THURSDAY)



General Medicine

**Dr. Ravindra Mathur**

M.D. (General Medicine)
Senior Consultant Physician &
Diabetes, Thyroid Specialist
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



Sonography / सोनोग्राफी

**Dr. Gunwanti Malav**

MBBS DMRD Consultant Radiologist
TIMING 9:00 AM TO 1:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



Gynaecologist

**Dr. Vinita Gupta**

M.B.B.S., DGO
Consultant Obstetrician and Gynaecolo
12:00 PM to 1:00 PM (Thursday Off)



Consultant - Orthopaedic Shoulder, Knee & Hip Surgeon

**Dr. Prashant Bhutani**

M.B.B.S., DNB Ortho
Shoulder, Knee, Hip, Surgeon,
Sports Injury, Joint Replacement
TIMING 4:00 PM to 5:00 PM (Monday to Friday)



Dental Care

**Dr. Bharti Maheshwari**

BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
TIMING 9:00 AM TO 12:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



Quality Dental Care
Dental Implants
Root Canal
Teeth Whitening
Composite Fillings
Ceramic or Porcelain Crowns
and May More....

PHYSIOTHERAPHY START / ₹250/-

स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम

लैब का समय

प्रातः 7:30 बजे से सायं 7 बजे (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 3 बजे (रविवार)

उचित दरों पर एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध

CT एवं 2D-ECHO की सुविधाएं भी रियायती दरों पर उपलब्ध

DIALYSIS START / ₹850/-

सोनोग्राफी
प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक

Digital X-Ray 200/- से शुरु

## PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price / ₹2500/-

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- LIVER FUNCTION TEST
- HBAIC
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)

सैंपल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है, शुल्क अतिरिक्त

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 35/- | SGOT 40/- |
| Cholesterol 40/- | Creatinine 45/- |
| SGPT 50/- | Urine R/E 50/- |
| Calcium 60/- | Uric Acid 60/- |
| CBC 120/- | E.C.G. 100/- |
| Thyroid Profile 300/- | CRP 150/- |
| Liver Function 250/- | Hb A1C 250/- |
| Lipid Profile 300/- | RFT 450/- |

## CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price / ₹700/-

CBC • FASTING BLOOD SUGAR • POST PARANDIAL BLOOD SUGAR • CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE • HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

## WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)

Special Price / ₹1299/-

CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING • BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT • RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC • URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

## MRI 3.0 Tesla से

Special Price / ₹3500/-

आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जांचें

## ब्लड कलैक्शन सेन्टर

महेश सत्संग भवन, नियर जे.पी. अंडरपास, महेश कॉलोनी जयपुर,
फोन:0141-3517910, 8306300165

87, सरती नगर, जनपथ, श्याम नगर, जयपुर–19,
फोन: 0141-4924112

कलैक्शन सेन्टर्स का समय
प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक

संचालन समिति (2022-2025)

| केदार मल भाला | मनोज मूंदड़ा | डॉ. अरुण परतानी | अशोक खटोड़ (VDN) | गिरिराज लढ्ढा |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर | महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर | स्वास्थ्य मंत्री | सदस्य, प्रबन्ध समिति | सदस्य, प्रबन्ध समिति |
| | | | 9829013729 | 9828062736 |

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम

# श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-39

फोन : 0141-2230511, 7976420180, 7976453416

Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com



आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचें

समय : प्रातः 7.30 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

प्रातः 7.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक (रविवार)

CT एवं Digital X-Ray



3D व 4D कलर सोनोग्राफी सुविधा



**डॉ. विजेता सुल्तानिया**
MBBS, DMRD
कन्सलटेन्ट रेडियोलोजिस्ट
2D-ECHO
Timing : 9.30 AM to 1:30 PM



**डॉ. आर.सी. गुप्ता**
Sr. Doctor & Gen. Physician
Ex. Sr. MO,
Govt. H.B. Kanwatia Hospital
Physician in various famous hospitals
Timing : 9.30 AM to 1.30 PM

सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाता है।



**डॉ. दीपक अग्रवाल**
MBBS, MD, DNB
हृदय रोग विशेषज्ञ
2D-ECHO
Timing : 8.00 AM on Call



**डॉ. विकल्प वशिष्ठ**
MBBS (Ortho), DNB, MNAMS, MS (Ortho)
FJRS, JAF (Joint Replacement) & Arthroscopic Surgen
भारत के सुविख्यात जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ
Timing : 10.30 AM - On Call



**डॉ. मनीष जैन**
MBBS, MD (Skin & VD)
चर्म एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
Timing : 11:30 AM to 12:30 PM
(सोमवार एवं गुरुवार)



**डॉ. ख्याति माहेश्वरी**
Phisiotherapist
COMP, CDNP, CIASTM,
CDCT, CKTT
Timing : 9 AM to 2 PM



**डॉ. नेहा अग्रवाल तापड़िया**
B.D.S. (Gold Medalist)
M.D.S. (Pedodontics & Preventive Dentistry)
Ex. Medical Officer at Govt. Hospital
Timing : 10 AM to 1 PM

**जाँचें बहुत ही किफायती दरों पर की जाती हैं।** नोट : सैम्पल कलैक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)

## PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹2500/-

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- HBAIC
- LIVER FUNCTION TEST
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)

घर से सैम्पल के लिए सम्पर्क करें 7976420180

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 35/- | SGOT 40/- |
| Cholesterol 40/- | Creatinine 45/- |
| SGPT 50/- | Urine R/E 50/- |
| Calcium 60/- | Uric Acid 60/- |
| CBC 120/- | E.C.G. 100/- |
| Thyroid Profile 300/- | CRP 150/- |
| Liver Function 250/- | Hb A1C 250/- |
| Lipid Profile 300/- | RFT 450/- |

## CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price ₹700/-

- CBC • FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
- HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

## WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹1299/-

- CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
- BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
- RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
- URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

## MRI 3.0 Tesla से

Special Price ₹3500/-

9692 000 111

...PRONTO

# टिन शेड का बाप



## जब प्रोन्टो लगे टिन शेड के बजट में तो टिन क्यों लगायें?

*Conditions apply

**टिन शीट से कहीं ज्यादा मजबूत, तापरोधी, लॉन्ग लाइफ: प्रोन्टो है हर मायने में टिन शेड का बाप!**

प्रोन्टो पेनल्स में मेटल की दो शीट्स के बीच सैंडविच है, ठोस इंसुलेशन मटेरियल, जो देता है प्रोन्टो को जबरदस्त मजबूती। प्रोन्टो की इसी मजबूती के कारण इसको लगाने में टिन शीट के मुकाबले कम स्ट्रक्चरल सपोर्ट / लोहे की जरुरत होती है। जिससे स्ट्रक्चर की कुल लागत में 20 से 30 प्रतिशत की सीधी बचत होती है। प्रोन्टो से करें निर्माण लगभग टिन शेड की लागत में।

अधिक जानकारी के लिए वीडियो देखें (हिंदी में)

- WhatsApp पर वीडियो मंगवाने के लिए 9672801555 पर "DEMO" मैसेज करें
- या www.prontopanels.com/demo पर वीडियो देखें
- या 9672 802 555 पर कॉल करें

स्कैन करें

टिन शेड का कोई भी कारीगर हूबहू टिन की तरह ही प्रोन्टो शीट लगा सकता है

S JEE

...PRONTO

स्वत्त्वाधिकारी श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक- मुद्रक मनोज मूंदड़ा, महामंत्री द्वारा रेनबो प्रिन्टर्स, जयपुर से मुद्रित एवं श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003 से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक- आशीष सोमानी, सम्पादक- संजय बियानी